डाक पंजीयन नं. AD -326/2021-2023
website:www.aadhuniksamachar.com
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Download From Google Play
Adhunik Samachar

वर्ष -09 अंक -277, पृष्ठ- 8, (प्रयागराज ,गुरुवार, 18,जनवरी, 2024), मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में आई भारी गिरावट

**ओटावा।** कनाडा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के कारण वर्ष 2023 में कनाडा द्वारा भारतीय छात्रों को जारी किए गए स्टडी परमिट की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में कनाडाई शीर्ष अधिकारी ने कहा, ठऐसा तब किया गया जब भारत ने परमिट की प्रक्रिया करने वाले कनाडाई राजनयिकों को निकाल दिया




और तो और खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के कारण कम भारतीय छात्रों ने भी आवेदन कम किया था। इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने एक इंटरव्यू में कहा उनका मानना ??है कि भारतीय छात्रों के स्टडी परमिट की संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के जून में यह कहने के बाद राजनयिक तनाव पैदा हो गया कि ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के सबूत हैं। इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने एक इंटरव्यू में कहा, उनका मानना ??है कि भारतीय छात्रों के स्टडी परमिट की संख्या जल्द ही बढ़ने की संभावना नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के जून में यह कहने के बाद राजनयिक तनाव पैदा हो गया कि ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के सबूत हैं। मार्क मिलर ने कहा, ठभारत के साथ हमारे रिश्तों की वजह से वास्तव में आवेदनों की क्षमता आधी हो गई है। उल्लेखनीय है कि निज्जर की हत्या से पैदा हुए विवाद के बाद अक्टूबर में कनाडा को अपने 41 राजनयिकों और दो-तिहाई कर्मचारियों को भारत से वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मंत्री के एक प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के विवाद ने भारतीय छात्रों को दूसरे देशों में पढ़ने के लिए ऑप्शन दिया है।

## मणिपुर के मोरेह शहर में कुकी उग्रवादियों ने किया सुरक्षा बलों पर हमला, चौकी पर फेंके बम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षा बलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षा बलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में एक सुरक्षाकर्मी को कथित तौर पर मामूली चोटें आईं, लेकिन विवरण की अभी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस ने कहा कि सीमावर्ती शहर में एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में राज्य बलों द्वारा दो संदिग्धों को गिरफ्तार किए जाने के 48 घंटे बाद संदिग्ध कुकी आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर गोलीबारी की। इससे पहले, ठटेंगनौपाल के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर शांति भंग होने,



सार्वजनिक शांति में अशांति और मानव जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरे की संभावनाठ के इनपुट के बाद, मणिपुर सरकार ने 16 जनवरी को सुबह 12 बजे से पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया था।जिला मजिस्ट्रेट तेंगनौपाल के आदेश में कहा गया है कि कर्फ्यू, हालांकि, ठकानून और व्यवस्था लागू करने और आवश्यक सेवाओं के रखरखाव में कार्यरत सरकार की एजेंसियोंठ पर लागू नहीं होगा। इस बीच, एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगलवार रात इम्फाल पश्चिम जिले के कौट्रुक गांव में गांव के स्वयंसेवकों और संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के बीच दो घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा बलों के इलाके में पहुंचने के बाद हमलावरों ने गोलीबारी बंद कर दी। पुलिस ने पिछले साल अक्टूबर में एसडीपीओ सीएच आनंद की हत्या के दो मुख्य संदिग्धों फिलिप खोंगसाई और हेमोखोलाल मटे को गिरफ्तार किया था। दोनों ने सुरक्षाकमिर्यों के वाहनों पर गोलीबारी की थी जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया था। पुलिस ने कहा कि बाद में दोनों को न्यायिक मजिस्ट्रेट मोरेह के सामने पेश किया गया और उन्हें नौ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से दो जिंदा राउंड के साथ एक पिस्तौल, एक चीनी हथगोला, एके गोला बारूद के दस जिंदा राउंड और दस डेटोनेटर जब्त किए गए। अधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने दोनों की ठबिना शर्त रिहाईठ की मांग करते हुए मोरेह पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया था।

## पीएम मोदी के दृष्टिकोण और संकल्प सिद्धि की तस्वीर दिखाती अयोध्या, 1990 का वह एक वादा ऐसे साकार हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अयोध्या आज आस्था और विकास की आभा बिखेरती दिखाई दे रही है तो इसके नीचे भाजपा सरकार के प्रयतनें की गहरी नींव है। श्री राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या के पौराणिक संबंधों को नया मर्म देना, आध्यात्मक महत्व को संजोना-संवारना हो या अयोध्या के संपूर्ण विकास की बात इन सभी के माध्यम से पीएम मोदी का दृष्टिकोण दिखाई देता है। यहां तक कि मंदिर की मजबूत नींव जैसे तकनीकी पक्ष को लेकर पीएम ने विशेषज्ञों के साथ गहन विमर्श किया, जिसके बाद उस पर काम किया



अवधपुरी के आध्यात्मक महत्व को संजोना-संवारना हो या अयोध्या के संपूर्ण विकास की बात, इन सभी के माध्यम से पीएम मोदी के दृष्टिकोण और संकल्प सिद्धि की तस्वीर दिखाई देती है। अयोध्या आज आस्था और विकास की आभा बिखेरती दिखाई दे रही है तो इसके नीचे भाजपा सरकार के प्रयतनें की गहरी नींव है। श्री राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट का गठन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या के पौराणिक संबंधों को नया मर्म देना अवधपुरी के गया। श्री राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का भूमिपूजन पांच अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने किया और अब 22 जनवरी, 2024 को वह श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देशवासियों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीच अयोध्या का कायाकल्प हो चुका है। अयोध्या को लेकर पीएम मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई देती है। पहला प्रत्यक्ष तथ्य तो यह है कि इतनी व्यस्तता के बावजूद पीएम बीते चार वर्षों में लगभग दो दर्जन बैठकें सिर्फ अयोध्या के विकास के संबंध में कर चुके है।

## मिडिल क्लास लोगों को बड़ी राहत की उम्मीद, इनकम टैक्स की नई व्यवस्था में मिल सकती है और छूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आगामी एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट में सरकार मध्य वर्ग के लिए इनकम टैक्स में राहत की घोषणा कर सकती है, लेकिन यह राहत सिर्फ नई टैक्स व्यवस्था अपनाने वाले टैक्सपेयर्स के लिए हो सकती है। इसकी मुख्य वजह है कि सरकार नई टैक्स के तहत 80सी व होम लोन के मद में निवेश पर कोई छूट नहीं होने से इस व्यवस्था के प्रति टैक्सपेयर्स ने कोई ध्यान नहीं दिया। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में नई टैक्स व्यवस्था के तहत इनकम टैक्स में 50,000 रुपए तक की और छूट मिलने की उम्मीद है। इस घोषणा के बाद यानी कि नए वित्त




व्यवस्था को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस व्यवस्था के तहत इनकम टैक्स में और राहत देने पर अधिक से अधिक टैक्सपेयर्स इस व्यवस्था को अपनाएंगे। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पिछले साल एक फरवरी को पेश बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स की नई व्यवस्था के तहत सालाना सात लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देने की घोषणा की थी। स्टैंडर्ड डिडक्शन व अन्य रिबेट को मिलाकर यह सीमा 7.5 लाख रुपए तक की हो जाती है। यानी कि सालाना 7.5 लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। सरकार ने वर्ष 2020 के बजट में ही नई व्यवस्था की घोषणा की थी, लेकिन इस व्यवस्था वर्ष से आठ लाख रुपए तक की आय इनकम टैक्स से मुक्त हो सकती है। टैक्स एक्सपर्ट एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) असीम चावला कहते हैं कि सरकार इनकम टैक्स कानून के सेक्शन 15 व 16 के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन में 50,000 रुपए की और छूट दे सकती है अधिक से अधिक लोग टैक्स की नई व्यवस्था को अपनाए। अंतरिम बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की घोषणा करने में सरकार को कोई दिक्कत नहीं आएगी। पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत पांच लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं है। इस व्यवस्था के तहत टैक्सपेयर्स एचआरए, होम लोन, हेल्थ इंश्योरेंस जैसे विभिनन्न मदों में निवेश से टैक्स में छूट भी ले सकते हैं।

## सैन्य नेतृत्व को जटिल परिस्थितियों से निपटने में होना चाहिए सक्षम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पुणे।** भारतीय सशस्त्र बलों के लिए विश्व स्तरीय अधिकारी तैयार करने पर निर्भर करता है। एनडीए ने मंगलवार को अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैडेटों



वाली राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) ने मंगलवार को अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कैडेटों को संबोधित करते हुए चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना का नेतृत्व करना जटिल होता है। नेतृत्व कर रहे व्यक्ति को जटिल परिस्थितियों से निपटने में सक्षम होना चाहिए। किसी भी युद्ध का परिणाम प्रौद्योगिकी, रणनीति और संगठनात्मक संरचनाओं को संबोधित करते हुए चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना का नेतृत्व करना जटिल होता है। नेतृत्व कर रहे व्यक्ति को जटिल परिस्थितियों से निपटने में सक्षम होना चाहिए। किसी भी युद्ध का परिणाम प्रौद्योगिकी रणनीति और संगठनात्मक संरचनाओं पर निर्भर करता है। सीडीएस ने कहा, युद्ध को जीतने में सैन्य नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## 'आप, भाजपा और आरएसएस में कोई अंतर नहीं', ओवैसी ने की दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ कराने पर आप की आलोचना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ कराने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि आप भाजपा से अलग कैसे हैं। आप, भाजपा और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। भाजपा अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली में सुंदरकांड का पाठ कराने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि आप भाजपा से अलग कैसे हैं। आप भाजपा और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। भाजपा अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर में रामलला की प्राण



प्रतिष्ठा समारोह पर ध्यान केंद्रित कर रही है। माना जा रहा है कि आप ने इसका मुकाबला करने के लिए पूरी दिल्ली में मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ कराने की घोषणा की।मीडिया से बात करते हुए ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि वे सरयू नदी (अयोध्या) में नहीं जाएंगे, अब दिल्ली में कह रहे हैं कि वे सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कराएंगे। उनमें, भाजपा और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। अब वे उनकी विचारधारा का अनुसरण कर रहे हैं। एआइएमआइएम प्रमुख ने जानना चाहा कि वे आखिर कैसे नरेन्द्र मोदी को हराएंगे। कहा कि यह उनका पाखंड है। दावा किया कि यह लड़ाई बहुसंख्यक वर्ग के मतों को हासिल करने की है। उन्होंने इसे प्रतिस्पर्धी हिंदुत्व करार दिया। उन्होंने सवाल किया कि यदि प्रतिस्पर्धी हिंदुत्व की ऐसी राजनीति चलती रहेगी तो भाजपा-आरएसएस की विचारधारा को कैसे रोका जाएगा।

## मणिशंकर अय्यर की बेटी के संस्थान पर गृह मंत्रालय का एक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कानूनों के उल्लंघन ने संस्थान सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक का सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए रद्द कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि कथित तौर पर विदेशी फंडिंग के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। सीपीआर विभिनन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अनुदान प्राप्त करता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने



एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह कार्रवाई की है। एफीसीआरए लाइसेंस के निलंबन का मतलब है कि अब सीपीआर संस्थान विदेशों से फंड प्राप्त नहीं कर सकता है। बता दें कि विदेशओं से धन प्राप्त करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के लिये एफसीआरए पंजीकरण जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने थिंक टैंक जानकारी दी कि कथित तौर पर विदेशी फंडिंग के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर इस थिंक टैंक की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी हैं। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च दिल्ली स्थित एक थिंक टैंक है ।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE, कौशलं बलम्, NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।



महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# चालक की मौत के बाद कंटेनर से 10 बाइकें चोरी, पुलिस बता रही सड़क हादसा जांच में जुटी टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** पुलिस ने बताया कि 13 जनवरी को रुद्रपुर उत्तराखंड के बजाज ऑटो प्लांट से उनकी कंपनी के एक कंटेनर ट्रक को लेकर चालक दिवाकर प्रसाद त्रिवेदी निवासी सीतापुर निकला। इसी बीच महेशगंज में उत्तराखंड से झारखंड जा रहे कंटेनर से 13 लाख रुपये मूल्य की 10 बाइकें चोरी हो कानपुर पहुंचा। वहां से एडवांस डीजल लेकर 3:30 बजे वह आगे के लिए रवाना हुआ।16 जनवरी की सुबह 10 बजे उनके पास फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मंसूराबाद चौकी प्रभारी बताते हुए जानकारी दी कि कंटेनर ट्रक नवाबगंज के उल्दा महेशगंज में कानपुर-वाराणसी हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें




गईं।नवाबगंज के महेशगंज में उत्तराखंड से झारखंड जा रहे कंटेनर से 13 लाख रुपये मूल्य की 10 बाइकें चोरी हो गईं। इसके पहले ड्राइवर संदिग्ध हाल में महेशगंज में कानपुर-वाराणसी हाईवे पर कंटेनर के भीतर मृत पड़ा मिला। पुलिस सड़क हादसे में ड्राइवर की मौत होने का दावा कर रही है। बाइकें गायब होने के मामले में अज्ञात में चोरी का मुकदमा लिखकर जांच पड़ताल की जा रही है।प्रदीप पांडेय कानपुर के पनकी, गंगागंज स्थित एसके कैरियर्स में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी को रुद्रपुर उत्तराखंड के बजाज ऑटो प्लांट से उनकी कंपनी के एक कंटेनर ट्रक को लेकर चालक दिवाकर प्रसाद त्रिवेदी निवासी सीतापुर निकला। इसमें बजाज की 41 पल्सर बाइकें लदी थीं जिनकी डिलीवरी झारखंड के गिरीडीह स्थित एजेंसी में होनी थी। 15 जनवरी को चालक कंटेनर ट्रक लेकर चालक कंटेनर ट्रक के भीतर मृत पड़ा मिला है।कंटेनर ट्रक भी हाईवे के बगल खड्ड में चला गया है। इस सूचना पर वह एक अन्य साथी कर्मचारी के साथ पहुंचे तो कंटेनर ट्रक से 10 बाइकें गायब मिलीं। इस संबंध में जानकारी देने पर पुलिस घंटों जांच पड़ताल में जुटी रही लेकिन गायब बाइकों का कुछ पता नहीं चला। देर रात पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में चोरी का मुकदमा दर्ज किया। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल व मौका मुआयना के बाद इसे सड़क हादसे के बाद चोरी का मामला माना है। उधर कंपनी के लोग लूट की भी आशंका जता रहे हैं। मैनेजर का कहना है कि जीपीएस लोकेशन ट्रैक करने पर पता चला कि जिस जगह पर कंटेनर ट्रक क्षतिग्रस्त हाल में मिला, वहां से इसे 20 किमी आगे भी ले जाया गया था।

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए बनेगा कानून, विधि सचिव को सौंपा प्रारूप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**प्रारूप कमेटी के चेयरमैन अमरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा की मांग लंबे समय से चल रही थी। इसे देखते हुए बार कौंसिल ने उनके संयोजन में आठ सदस्यीय प्रारूप कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बार काउंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़, दिपेश जुनेजा एडीजी अभियोजन आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रारूप को यूपी सरकार विधि आयोग को भेजेगी, जो उस पर व्यापक विचार विमर्श कर अपनी राय देगी। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही अधिवक्ताओं




अधिवक्ताओं से राय परामर्श कर एक प्रारूप (बिल) तैयार किया।उत्तर प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाएगी। इसके लिए बनाई गई कमेटी ने बुधवार को विधि सचिव को कानून का प्रारूप सौंपा दिया। अब यूपी सरकार इसे कानूनी रूप से देने के लिए आगे की प्रक्रिया अपनाएगी। बुधवार को इस बिल को विधि सचिव अतुल श्रीवास्तव को सौंप दिया गया। इस दौरान की सुरक्षा से जुड़ा कानून लागू हो जाएगा।उन्होंने बताया कि तैयार प्रारूप में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। अधिवक्ताओं पर दबाव बनाने या उनके व्यवसाय में व्यवधान उत्पन्न करने पर सजा के साथ भारी जुर्माना लगाने की व्यवस्था की गई है, जिससे कि अधिवक्ता बिना किसी दबाव के अपना काम कर सकें। उनपर कोई अनैतिक दबाव न बना सके।

# प्रदेश के सभी मंदिरों में 22 जनवरी को भजन, कीर्तन वाले शासनादेश को चुनौती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव ने इस संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को शासनादेश जारी रामचरित मानस का पाठ करने, सभी शहरों में रथ/कलश यात्रा निकालने का शासनादेश जारी किया गया है। हाईकोर्ट इस मामले



किया है। जारी शासनादेश में यूपी के सभी जिलाधिकारियों को 22 जनवरी को भजन-कीर्तन, रामायण, रामचरित मानस पाठ, रथ और कलश यात्रा निकालने को कहा गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की ओर से जारी उस शासनादेश को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 22 जनवरी 2024 को प्रदेश के सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन करने, की सुनवाई सूचीबद्ध होने पर ही करेगा। यह जनहित याचिका ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू), उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अधिवक्ता नरोत्तम शुक्ला की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में कुल चार लोगों को पक्षकार बनाया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष याचिका पर अविलंब सुनवाई के लिए प्रार्थना की गई। लेकिन, कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति की कोर्ट ने इसे अर्जेंट (अति आवश्यक) नहीं मानते हुए सुनवाई से इन्कार कर दिया। याचिका में मुख्य सचिव के शासनादेश को भारतीय संविधान के धर्म निरपेक्ष चरित्र व अनुच्छेद 25, 26 और 27 के खिलाफ माना है। कहा है कि इसके अनुसार राज्य को किसी भी धार्मिक गतिविधि, आयोजन से निरपेक्ष रहने की अपेक्षा संविधान में की गई है। उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव ने इस संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को शासनादेश जारी किया है। जारी शासनादेश में यूपी के सभी जिलाधिकारियों को 22 जनवरी को भजन-कीर्तन, रामायाण, रामचरित मानस पाठ, रथ और कलश यात्रा निकालने को कहा गया है इसके लिए गांव, ब्लॉक, जिला और शहरों में आंगनबाड़ी, आशा बहुओं, एएनएम आदि कर्मचारियों का सहयोग लेने, कथावाचकों, कीर्तन मंडलियों को जिला सांस्कृतिक कौंसिल द्वारा भुगतान करने (इस हेतु राजकोष से अलग से 590 लाख रुपये जारी किए गए) को कहा गया है। शासनादेश में यह सब अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ऐसा करने को कहा गया है।

# मेले में पुलिस संग पैरामिलिट्री का पहरा, कमांड सेंटर से हो रही लाइव निगरानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**माघ मेले में पुलिस व होमगार्ड के करीब 3500 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त पैरामिलिट्री को भी तैनात किया गया है। इनमें आरएएफ के जवान भी शामिल हैं। मेला क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस व पीएसी जबकि संगम क्षेत्र में आरएएफ के जवानों को मुस्तैद किया गया है।माघ मेले के पहले सनन पर्व मकर संक्रांति को लेकर मेला क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। संगम क्षेत्र में पुलिस संग पैरामिलिट्री का पहरा लगा दिया गया है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर नाकेबंदी की गई है। संगम क्षेत्र में पुलिस, टीमों ने भी संवेदनशील स्थलों पर जाकर गहनता से चेकिंग की।मेला क्षेत्र में कुल 125 सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल किए गए हैं। इनमें से 52 आउटडोर बॉक्स सर्विलांस कैमरा जबकि 73 आउटडोर पीटीजेड सर्विलांस कैमरे हैं। पीटीजेड कैमरों की खासियत यह है कि इन्हें रिमोट से या ऑटोमेटिक प्रोग्रामिंग के जरिए आवश्यक्तानुसार पैन (मोड़ा), टिल्ट( झुकाया) जा सकता है। इसके अलावा इनके जरिए किसी भी व्यू को जूम(बेहद करीब) से भी देखा जा सकता है। यह सभी कैमरे आईट्रिपलसी(इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) से जुड़े हुए हैं। जिनसे मिलने वाली फीड के जरिए पूरे संगम क्षेत्र की लाइव निगरानी की जा रही



पीएसी व पैरामिलिट्री का द्विस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जवानों को रविवार से ही मुस्तैद भी कर दिया गया है।माघ मेले में पुलिस व होमगार्ड के करीब 3500 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त पैरामिलिट्री को भी तैनात किया गया है। इनमें आरएएफ के जवान भी शामिल हैं। मेला क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस व पीएसी जबकि संगम क्षेत्र में आरएएफ के जवानों को मुस्तैद किया गया है। इसके अलावा आतंकवादी निरोधक दस्ते की दो टीमें भी तैनात की गई हैं। मकर संक्रांति से एक दिन पहले रविवार शाम को एटीएस के जवानों ने मेला पुलिस के साथ पूरे क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एंटी सबाटोज है।इसके अलावा मेला क्षेत्र में जगह-जगह पीएएस (पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम) भी लगवाए गए हैं। यह सभी भी कमांड सेंटर से कनेक्टेड हैं। पुलिस अफसरों ने बताया कि सर्विलांस कैमरों से मिलने वाली लाइव फीड के जरिए किसी भी निश्चित स्थान पर यातायात, भीड़ प्रबंधन या कोई अन्य समस्या की दशा में कमांड सेंटर में मौजूद अफसर उक्त स्थान के आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिर्यों को तुरंत कार्रवाई के लिए निर्देशित कर सकता है।मेले में फोर्स की तैनातीपुलिस- 2500होमगार्ड- 1000एटीएस- दो टीमेंपीएसी- 8 कंपनीआरएएफ- दो कंपनीएडिशनल एसपी- पांचसीओ- 12इंस्पेक्टर- 25

# संगम पर आस्था का उमड़ा जन सैलाब, प्रथम पुण्य की डुबकी से माघ मेला का आरंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**छह डिग्री तापमान के बीच मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने लोग डुबकी लगा चुके थे। प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार शाम छह बजे तक करीब 21 लाख श्रद्धालुओं के सनन करने का दावा किया गया।प्रयागराज। सिर पर



पुण्य की डुबकी लगाई। प्रशासन का दावा है कि सुबह 10 बजे तक आठ लाख 70 हजार से अधिक श्रद्धालु सनन कर चुके हैं। यह आंकड़ा 20 लाख के पार जाने का अनुमान है। भोर में करीब तीन बजे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही सनन का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह 10 बजे तक ही नौ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा ली। दोपहर 12 बजे तक साढ़े बारह लाख से अधिक और दोपहर दो बजे तक 16 लाख से अधिक गठरी, हाथों में झोला और हाथों में समूह के संकेतक के रूप में ध्वज लिए श्रद्धालुओं का रेला सोमवार को संगम पर उमड़ पड़ा। थरथराती सुबह भी आस्था के कदमों को नहीं डिगा सकी। लोग अपनों का हाथ थामे लपकते हुए बढ़ते रहे। संगम जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा कारवां चल पड़ा। मेला प्रशासन ने सुबह 10 बजे तक 8.70 श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। प्रथम पुण्य की डुबकी के साथ ही 54 दिवसीय माघ मेले का आरंभ हो गया।मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती की लहरों में पुण्य की डुबकी लगाने का उत्साह देखते बना। संतों की टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए निकलीं, तो श्रद्धालु जय श्रीराम और मां गंगा के जयकारे लगाते हुए संगम पर पहुंच रहे थे। मकर संक्रांति को लेकर दूसरे राज्यों से निकले श्रद्धालुओं ने रविवार की भोर से ही संगम में डुबकी लगानी शुरू कर दी। भोर में आस्था पथ पर भक्ति की लहरें हिलोरें मारने लगीं। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने का लोगों ने इंतजार नहीं किया।कोहरे के बीच कंपकंपी छुड़ाती सुबह मेंकोहरे की वजह से संगम क्षेत्र में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। बावजूद इसके संगम सनन के लिए सिर पर गठरी लिए निकले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। काली मार्ग हो या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफ से पड़ोसी राज्य के अलावा पूर्वांचल के गांवों, कस्बों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी की पावन धारा में गोता लगाना शुरू कर दिया। संगम नोज पर सर्वाधिक भीड़ रही। कोई लेटते हुए पहुंच रहा था तो कोई ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-कीर्तन करते हुए।

# रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर मूरी एक्सप्रेस पलटाने की साजिश, बार-बार टला हादसा

रविवार को दोपहर करीब ढाई बजे मूरी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की साजिश की गई। अज्ञात लोगों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख दिया। लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पटरी पर पत्थर रखकर ट्रेन को पलटने की साजिश की गई। लोको पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते होते बच गया। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिनन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रविवार को दोपहर करीब ढाई बजे मूरी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की साजिश की गई। अज्ञात लोगों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख दिया। लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। इसकी सूचना मिलने पर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सेक्शन इंजीनियर अनुज सिंह की तहरीर पर पुरामुफ्ती थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



# प्रयागराज जंक्शन से दस स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी, भीड़ के हिसाब से लिया जाएगा निणन्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** मकर संक्रांति के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन भीड़ देखकर रूट वार ट्रेनें चलाएगा। जंक्शन से पंडित दीन दो स्पेशल ट्रेन समय सारिणी के हिसाब से चलाने का निणन्य लिया है।मकर संक्रांति के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन भीड़ देखकर रूट वार ट्रेनें चलाएगा। जंक्शन से पंडित



दयाल उपाध्याय जंक्शन, मानिकपुर, कानपुर रूट की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।माघ मेले को लेकर प्रयागराज जंक्शन से मकर संक्रांति के मौके पर दस स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की गई है। हालांकि रेलवे प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों की समय सारिणी जारी नहीं की है। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे ने बनारस के लिए दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मानिकपुर, कानपुर रूट की ओर से स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। उधर बनारस से गाड़ी संख्या 05109 प्रयागराज रामबाग के लिए रात 10.30 बजे चली जो रात दो बजे प्रयागराज रामबाग पहुंचेंगी। यह ट्रेन 24 जनवरी, 08, 13, 23 फरवरी एवं 07 मार्च को भी चलेगी।रामबाग से वापसी में ट्रेन नंबर 05110 विशेष गाड़ी 15, 25 जनवरी, नौ, 14, 24 फरवरी व आठ मार्च को रामबाग से सुबह 09:25 बजे चलेगी और दोपहर एक बजे बनारस पहुंच जाएगी। इसी क्रम में 05111 बनारस-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित मेला ट्रेन 15, 25 जनवरी, 09, 14, 24 फरवरी व 08 मार्च को बनारस से सुबह 08:00 बजे चलेगी और 11.30 बजे रामबाग पहुंचेगी। वापसी में 05112 का संचालन रामबाग से 15, 25 जनवरी, 09, 14, 24 फरवरी व 08 मार्च को रामबाग से शाम 5:10 बजे चलेगी और रात 8:45 बजे बनारस पहुंचेगी।माघ मेला के पहले सनन पर्व मकर संक्राति को लेकर रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया। रविवार को अयोध्या कैंट से प्रयागराज संगम के लिए स्पेशल ट्रेन चली। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की ओर से बताया कि गया गाड़ी संख्या 04223 अयोध्या कैंट-प्रयागराज संगम का संचालन सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ के रास्ते हुआ। शाम 7.50 बजे चलने के बाद रात दो बजे ट्रेन प्रयागराज संगम पहुंचेंगी। इसका बीच के सभी स्टेशनों पर ठहराव भी रेलवे ने सुनिश्चित किया। प्रयागराज संगम से 12 कोच की यही स्पेशल ट्रेन अब 15 जनवरी दोपहर 2.50 बजे चलकर रात 11 बजे अयोध्या कैंट पहुंच जाएगी।25 जनवरी को भी पौष पूर्णिमा के मौके पर इसका संचालन होगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 04225 अयोध्या कैंट-प्रयागराज संगम मेला स्पेशल ट्रेन 24 जनवरी को अयोध्या कैंट से रात 10.15 बजे चलकर 25 जनवरी की सुबह 04:00 बजे प्रयागराज संगम पहुंचेगी। ट्रेन अयोध्या कैंट-प्रयागराज संगम के मध्य मार्ग के सभी स्टेशनों पर रुकेगी। वहीं संख्या 04226 प्रयागराज संगम-अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन 15 व 25 जनवरी को रात 9:45 बजे प्रयागराज संगम से चलकर अगले दिन प्रातः 04:00 बजे अयोध्या कैंट पहुंचे जाएगी।माघ मेला के लिए रोडवेज द्वारा 2800 बसों का संचालन किया जाएगा। इस दौरान 200 बसों को रिजर्व भी रखा जाएगा।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
★ C.O.P.A.
★ Fitter
★ Security Service
★ Electric Technician
★ Electrician
★ Computer Application
★ Repair of Refrigerator & A.C.
★ Fire Safety & Industrial Security
★ Computer Teacher Training
★ Computer Hardware & Maintenance
★ Welding Technology
★ Certificate in YOGA
Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आधौगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने में अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका "प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं।
शुभेच्छु
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'

Nand Gopal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# थाना दुद्धी पुलिस द्वारा 03 अन्तर्जनपदीय पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार, मौके से 09 राशि गोवंश बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा पशु तस्करो एवं गोवध के अपराधियों के विरुद्ध



चलाये गये अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चन्देल के निर्देशन में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा अथक परिश्रम व पूर्ण मनोयोग से दिनांक 16.01.2024 को छत्तीसगढ़ बार्डर से वध हेतु ले जा रहे 09 राशि गोवंश को बरामद कर मौके से 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 13/2024 धारा 3/5ए उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी/बरामदगी की विवरण निमन्वत् है- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम पता- 1-जयमंगल खरवार पुत्र जटाशंकर निवासी नगवां थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 30 वर्ष। 2-रुपलाल पुत्र स्व0 रामकिशुन खरवार निवासी नगवां थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 62 वर्ष। 3-सुखलाल यादव पुत्र स्व0 कालीचरन निवासी जपला थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 62 वर्ष। गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-1.थानाध्यक्ष नागेश कुमार सिंह, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र। 2.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र। 3.हे0का0 जितेन्द्रनाथ, हे0का0 राजन सिंह, हे0का0 भरत सिंह, हे0का0 आशीष कुमार पटेल थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।

# वर्षाकाल वृक्षारोपण,2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में की गयी बैठक, विभागवार पौध रोपण हेतु लक्ष्य किया निर्धारित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** वृक्षारोपण अभियान-2024 के तहत सभी विभाग ससमय सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय अवधि में कराये पूर्ण-मुख्य विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार



ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सोनभद्र में वर्षाकाल वृक्षारोपण,2024 के लिए विभागों हेतु निर्धारित लक्ष्य आवंटन सम्बन्धी व पर्यावरण संतुलन बनाये रखने सम्बन्धी में आवश्यक बैठक की, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पौधों के प्रजातिवार, भूमि के स्वामित्व के अनुसार विवरण, स्थापित किये जाने वाले ग्राम वन का विवरण, पौध आपूर्ति का स्रोत आदि बिन्दुओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक सम्बन्धित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने वर्षाकाल वृक्षारोपण,2024 के लिए विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौध रोपण कराने के लिए भूमि का चयन, पौधों की प्रजाति का चयन आदि तैयारी करने के निर्देश दिये सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये, ताकि पौध रोपण के समय किसी प्रकार की समस्या न होने पाये और शत-प्रतिशत वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जा सके। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो भी पौध रोपित किये जायेंगें, वह पौध वन विभाग से लिया जायेगा किसी अन्य के स्तर से नहीं लिया जायेगा, इसके लिए वन विभाग अपनी पूरी तैयारी करना सुनिश्चित कर लें। वर्षाकाल वृक्षारोपण,2024 के लिए जनपद के 27 विभागों में कुल 1 करोड़ 23 लाख 93 हजार 779 पौध रोपण लक्ष्य निर्धारित करते हुए विभागों को आवंटित किया गया है, उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण में किसी तरह की समस्या हो तो सम्बन्धित वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य में सुधार करा लिया जाये, ताकि पौध रोपण के दौरान किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक की, बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने ठोस अपशिष्ट जमाव केन्द्र स्थापना के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की, तो अधिशासी अधिकारी पिपरी द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय नगर पंचायतों/नगर पालिकाओं में ठोस अपशिष्ट जमाव केन्द्र की स्थापना की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठकों में नगर पंचायत/नगर पालिकावार उपरोक्त बिन्दुओं पर किये गये कार्यो के सम्बन्ध में सम्पूर्ण विवरण की साथ उपस्थित रहेंगें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जायें। बैठक में निर्देशित किया गया कि समय से कायर्योजना बनाकर सरकारी/प्राइवेट चिकित्सालयों के जैविक अपशिष्टों का एकत्रीकरण एवं निस्तारण करने किया जाये, निर्धारित मानदण्डों को पूरा कराने हेतु उ0प्र0प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर जल निकायों की निगरानी करने एवं 20 औद्योगिक इकाइयों द्वारा उत्सर्जित खतरनाक अवशिष्ठ का निस्तारण कराया जाये, 2016 के अनुसार रिपोर्ट भरने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाये तथा इस कार्य में किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें। बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा अनुराग प्रियदर्शी, प्रभागीय वनाधिकारी सोनभद्र कुंज मोहन वर्मा, उप प्रभागीय वनाधिकारी चुर्क विनीत कुमार, उप निदेशक कृषि, ए0सी0एम0ओ0, ए0डी0पी0आर0ओ0 सुश्री सुमन पटेल, ई0ओ0 पिपरी, जिम्मेदार दास आशुलिपिक, ज्ञानेन्द्र सिंह शिरोही सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# चेरो समाज ने शिक्षा पर विशेष ध्यान देने एव आने पीढ़ी को पढ़ाने लिखाने को लेकर लिया संकल्प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** कहते है की जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया' यह गीत जनपद के चेरो-बैगा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा, बेरोजगार, शराब छोड़ने समेत अन्य पहलू प्रमुख रूप से लोगों को ध्यान नहीं देगा, विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज के लोगों को नशे से दूर रहने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम चेरो ने




आदिवासी समाज पर सटीक बैठता है इसलिए चेरो-बैगा व आदिवासी समाज को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं उत्तर प्रदेश के चेरो जनजातीय कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आज राबर्ट्सगंज नगर स्थित विवेका नंद प्रेक्षागृह के किया गया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय संरक्षक गंगेश्वर सिंह चेरो के निर्देश में मंगलवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरिराम चेरो व मुख्य अतिथि रामचंद्र सिंह चेरो रहे। इस दौरान वक्ताओं ने संबोधित करते हुए एक साथ एक मंच पर आने की अपील किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद प्रधान बने तो वही छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रामविलास पांडो को बनाया गया इसके साथ ही झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह चेरो को नियुक्त किया गया है। जिले के विवेकानंद प्रेक्षा गृह में बैठक हुई जिसमें वक्ताओ ने कहा कि चेरो-बैगा समाज की एक बड़ी फौज है। जरूरत है उन्हें अपनी ताकत को पहचानने की। श्री सिंह ने कहा कि चेरो-बैगा और आदिवासी समाज के पिछडे़पन का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है। जब तक समाज शिक्षा की ओर कहा कि राब?ट्र्सगंज लोकसभा क्षेत्र मे कई हजार चेरो-बैगा समाज के मतदाता हैं लेकिन वे जागरूक नहीं हैं। जरूरत है इन्हें जागरूक करने की। उन्होंने कहा कि अशिक्षित होने के कारण लोग समाज के लोगों को बरगलाने में कामयाब होते हैं इसलिए समाज के लोगों को शिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि चेरो और बैगा समाज के उत्थान के लिए जनप्रतिनिधियों ने कुछ नहीं किया। उन्हें सिर्फ लालच देकर वोट के लिए इस्तेमाल किया गया। हमें ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है। उन्होंने आदिवासी समाज के इतिहास पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत जनपद के राम जानकी मन्दिर शिवद्वार मंदिर माता वैष्णो देवी भजन कीर्तन का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** भगवान राम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों को जन-जन तक पहुचाने के दृष्टिगत जनपद के मंदिरों में भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत जनपद के राम जानकी मंदिर, शिवद्वार मंदिर, माता वैष्णों देवी मंदिर डाला, मॉ वन देवी मंदिर ओबरा सहित प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन कार्यक्रम का हो रहा आयोजन श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत जनपद के राम जानकी मंदिर, शिवद्वार मंदिर, माता



वैष्णों देवी मंदिर डाला, मॉ वन देवी मंदिर ओबरा सहित प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन भक्तिपूर्ण माहौल में आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत जनपद में भजन, कीर्तन, रामायण पाठ आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महर्षि बाल्मीकि जी द्वारा रचित विश्वप्रसिद्ध महाकाव्य रामायण की रचना श्रीराम जी की जीवनगाथा पर आधारित है। इस महाकाव्य में श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान समय में अत्यधिक प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है। इस विश्व प्रसिद्ध अमूर्त धरोहर का संरक्षण एवं जनमानस तक इसकी जानकारी पहुॅचाना हमारा उत्तरदायित्व है, इसी क्रम में अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर निर्माण देश व समाज में जन-जन तक इन्हीं संस्कारों, आदर्शों, प्राचीन परम्पराओं एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना की ओर अग्रणी कदम है। श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या के इस मंदिर से प्रदेश के जन मानस का बेहद करीबी लगाव रहा है। शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद में 14 से 22 जनवरी तक राम मंदिरों, हनुमान मदिरों आदि में रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जनपद के ब्लाक घोरावल के अन्तर्गत शिवद्वार मंदिर, वैष्णो माता मंदिर डाला, अमिला धाम ओबरा, कुड़ारी देवी ओबरा, मॉ वन देवी पिपरी रेनुकूट, ज्वाला देवी शक्तिधाम शक्तिनगर, राम जानकी मंदिर एवं संकट मोचन मंदिर राबर्ट्सगंज आदि मंदिरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, कीर्तन, रामायण पाठ, रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, जनपद के प्रमुख मन्दिरों को भव्य रूप से सजाया गया है एवं सुन्दर लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है, मन्दिरों में कार्यक्रम हेतु तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित किया गया है।

# दो साहित्य कृतियों का हुआ विमोचन वक्ताओं ने डाला प्रकाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** हिन्दी साहित्य पत्रिका असुविधा शहीद स्थल करारी व राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र के तत्वावधान में आयोजित मंगलवार



दोपहर गिरिजा प्रसाद चन्द्र दिवंगत साहित्यकार के मेंढर की गोद में कहानी?संग्रह व महरी लघु उपन्यास का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार अजयशेखर के अध्यक्ष था में आयोजित आयोजन में किया गया। संचालन जगदीश पंथी ने किया। विचार गोष्ठी व भव्य कविगोष्ठी का आयोजन किया गया। समस्त आयोजन गोरारी स्थित रिषी कुमार प्रेमेनद्र कुमार दुष्यंत कुमार के आवास पर किया गया। वाणी वंदना ईश्वर विरागी ने करते हुए,,,मां शारदे मिटे ज्वाल जग जीवन से सिंचित धरा गगन उर कर दे।से विधिवत शुभारंभ किया। अमरनाथ अजेय ने,,, व्योम तक पर इन्द्र धनुषी स्वर्ण रेखा खींचकर,मेघ के टुकड़े तरासें धूप के अक्षर,,काफी सराही गई। प्रद्युम्न तिवारी ने,,, सर्वे भवन्तु सुखिनः मंगल हमारी कामना हो, द्वेष ईर्ष्या का?दमन प्रमुदित हमारी भावना हो सुनाया और खूब तालियां बटोरी।शायर?अबदुलह ई ने,रो के बुलबुल ने कहा कैद से रिहा न करो,, गुलसितां पर कहीं सैयाद के पहरे होंगे सुनाकर वातावरण गंभीर बना दिया। मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने कालजयी साहित्यकार गिरिजा प्रसाद चौधरी चंन्द्र के कृतित्व व्यक्ति त्व पर विशद विवेचन किया। विशिष्ट अतिथि उक्त पुस्तकों के प्रकाशक हिंदी श्री भदोही से आये आनंद अमित मिर्जापुर से अधिदर्शक चतुर्वेदी, आनंद केसरीजी साथ ही जनपद के साहित्यकार गण अजय चतुर्वेदी काका सुधाकर स्वदेशप्रेम गोपाल सिंह कुशवाहा राधेश्याम पाल सुनील च उचक नजर मोहम्मद नजर? वीर रस के ओजस्वी रचना कार प्रभात सिंह चंदेल जय श्री राय अलका केसरी दिनेश चौबे दयानंद दयालू वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्र वाद का मुख्य स्वर कौशल्या चौहान धर्मेश चौहान मदन चौबे अशोक तिवारी एड, भागवत सांवरा तथा वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र ने विविधता युक्त ओज हास्य व्यंग गीत गजल छंद मुक्तक नई कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।सभीं कवियों व अतिथियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया। आयोजन देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर जमुना प्रसाद ठाकुर कुशवाहा प्रेम नाथ गुप्ता शिवशंकर दूबे त्रिपुरारी मिश्रा मनीष रवि राकेश राय निर्मला चंद जी की पतनी मीरा देवी मंजू देवी निर्मला देवी रिद्धि रित्विक समर देवास नित्या रोहित आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे और सबकी हौसला अफजाई किया।

# रोज़गार मेले 15 कम्पनियो ने किया प्रतिभाग किया इस मेले मे 236 युवाओ ने प्रतिभाग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शोनभद्र।** जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन यजुवेन्द्र नाथ



ने अवगत कराना है कि 16 जनवरी, 2024 को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोनभद्र द्वारा विकास खण्ड कोन के प्रांगण में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 15 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस रोजगार मेले में 236 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 128 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। अभ्यथिर्यों में काफी उत्साह रहा। इस रोजगार मेले के मुख्य अतिथि पकौड़ी लाल कोल, मा0 सांसद लोकसभा, ब्लाक प्रमुख कोन के प्रतिनिधि शशांक शेखर, जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन तथा जिला कौशल प्रबन्धक एवं प्रशिक्षण प्रदाता मौजूद रहे। स विभाग द्वारा अगला रोजगार मेला दिनांक 18 जनवरी,2024 को विकास खण्ड चोपन परिसर में आयोजित किया जायेगा।




# तीसरे टी-20 में फिन एलन ने मचाई तबाही,हैरिस रऊफ के एक ओवर में ठोके 27 रन; तूफानी शतक के साथ चकनाचूर किए कई बड़े रिकॉर्ड्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेले गए तीसरे टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में फिन एलन रन सिर्फ 22 गेंदों पर ठोक डाले। कीवी ओपनर ने 220 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 62 गेंदों पर 137 रन जड़े। हैरिस रऊफ के एक ओवर अगले पचास रन सिर्फ 22 गेंदों पर ठोक डाले। फिन एलन ने 48 गेंदों पर अपनी सेंचुरी पूरी की। एलन ने 62 गेंदों का सामना करते लगातार तीन सिक्स जमाए। फिन एलन ने 137 रन की यादगार पारी के दौरान 5 चौके और 16 गगनचुंबी छक्के जमाए। कीवी ओपनर ने एक टी-20 इंटरनेशनल



ने बल्ले से जमकर तबाही मचाई। एलन ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 48 गेंदों पर शतक ठोका। तीसरे टी-20 मुकाबले में फिन एलन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस सीरीज में शानदार फॉर्म में नजर आए एलन ने शुरुआत से ही विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। कीवी ओपनर ने 26 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद एलन ने अपना विकराल रूप धारण किया और अगले पचास में फिन एलन ने 27 रन ठोके। सलामी बल्लेबाज ने तूफानी सेंचुरी के दौरान कई बड़े रिकॉर्ड्स को चकनाचूर कर डाला है। तीसरे टी-20 मुकाबले में फिन एलन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस सीरीज में शानदार फॉर्म में नजर आए एलन ने शुरुआत से ही विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। कीवी ओपनर ने 26 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद एलन ने अपना विकराल रूप धारण किया और हुए 137 रन की यादगार पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी भी है। एलन ने ब्रेंडन मैकुलम के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर डाला है। फिन एलन ने हैरिस रऊफ के एक ओवर में 27 रन ठोके। एलन ने पारी के छठे ओवर की शुरुआत जोरदार सिक्स के साथ की। इसके बाद अगली दो गेंदों पर एलन ने दो जोरदार चौके जमाए। ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर कीवी ओपनर ने मुकाबले में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में हजरतुल्लाह जजई के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। तीसरे टी-20 को न्यूजीलैंड ने 45 रन से अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 224 रन लगाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त भी हासिल कर ली है।

# भारतीय टीम से 3 खिलाड़ी होंगे बाहर, संजू सैमसन की हो सकती है वापसी; देखें संभावित प्लेइंग इलेवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा और आखिरी मुकाबला बुधवार को बेंगलुरु में खेला जाएगा। तीन मैचों की टी20 सीरीज में भारत 2-0 से आगे हैं। वह तीसरा और आखिरी मुकाबला कर क्लीन स्वीप करना चाहेगा। वहीं, अफगानिस्तान जीत के साथ सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दमदार है। तेज गेंदबाजों के साथ स्पिनर्स ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। शिवम दुबे के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। कप्तान रोहित का बल्ला अभी तक नहीं चला है। हालांकि यह टीम के लिए चिंता का विषय नहीं है। दूसरी ओर अफगानिस्तान को आरंभिक बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दमदार है। तेज गेंदबाजों



के साथ स्पिनर्स ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। शिवम दुबे के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। कप्तान रोहित का बल्ला अभी तक नहीं चला है। हालांकि, यह टीम के लिए चिंता का विषय नहीं है। आखिरी मुकाबले में कुलदीप यादव और आवेश खान को मौका मिल सकता है। कुलदीप को रवि बिशनेई या वाशिंगटन सुंदर की जगह और आवेश को मुकेश कुमार की जगह उतारा जा सकता है। विकेटकीपर जितेश शर्मा को भी आराम दिया जा सकता है। उनकी जगह संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। ओर अफगानिस्तान को आरंभिक बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दोनों मैचों में विफल रहे हैं। टीम के पूर्व कप्तान गुलबदीन नईब फॉर्म में हैं। अभी तक गेंदबाजों ने उतना प्रभावित नहीं किया है। दोनों मुकाबलों को मिलाकर कुल 8 विकेट चटकाए हैं। रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान। इब्राहिम जदरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, नजीबुल्लाह जादरान, गुलबदीन नईब, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह ओमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, फरीद अहमद।

# आखिरी ओवर में 20 रन नहीं बचा पाए एंजेलो मैथ्यूज, दूसरे टी20 मैच में जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 4 विकेट से हराया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मडांडे की दमदार पारी की बदौलत जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को दूसरे टी20 इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट खोकर 19.5 ओवर में 178 रन बनाकर मैच जीत लिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की क्रेग एर्विन (70) और ब्रायन बेनेट (25) के बीच 74 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने जीत की नींव रखी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी




मैच में चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही तीन मैचों की टी20 सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए थे। शुरुआत बेहद खराब रही। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर तिनशे कामुनहुकामवे मात्र 12 रन बनाकर आउट हो गए। जिम्बाब्वे ने महज 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। हालांकि जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर तिनशे कामुनहुकामवे मात्र 12 रन बनाकर आउट हो गए। जिम्बाब्वे ने महज 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। हालांकि, क्रेग एर्विन (70) और ब्रायन बेनेट (25) के बीच 74 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने मेहमान टीम की जीत की नींव रख दी। इसके बाद सिकंदर रजा (8), सीन विलियमस (1) और रायन बर्ल (13) के विकेट जल्दी गिरे जिम्बाब्वे को आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। श्रीलंका के अनुभवी गेंदबाज एंजेलो मैथ्यूज के हाथ में गेंद थी और क्रीज पर ल्यूक जोंगवे और क्लाइव मैडेंडे थे। पहली गेंद नो-बॉल रही और सिक्स मिला। फ्री हिट पर चार मिला। दूसरी गेंद पर जोंगवे ने सिक्स जड़ दिया। तीसरी गेंद पर कोई रन नहीं बना और चौथी गेंद पर जोंगवे का कैच छूटा। पांचवीं गेद पर क्लाइव मैडेंडे ने सिक्स लगाकर जिम्बाब्वे को जीत दिला दी। इससे पहले श्रीलंका ने निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। मेजबान टीम ने 27 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे। चरिथ असलंका और एंजेलो मैथ्यूज ने पांचवें विकेट लिए 118 रन की साझेदारी की। असलंका 69 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, एंजेलो मैथ्यूज 66 रन बनाकर अंत तक नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुज़ारबानी और ल्यूक जोंगवे ने दो-दो विकेट मिले।

# ऋषभ पंत की हुई टीम इंडिया में वापसी रिंकू सिंह से लिया बल्ला और विराट कोहली के साथ की प्रैक्टिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा टी20 मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा। दोनों टीमें बेंगलुरु पहुंच गई हैं। अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम के साथ ऋषभ पंत जुड़े। उन्होंने भी नेट्स में प्रैक्टिस





की। ऋषभ पंत ने रोहित शर्मा और विराट कोहली से मुलाकात भी की। साथ ही टीम के खिलाडियों से लंबे समय तक बातचीत की। भारतीय मेंस क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मैच की पूर्व संध्या पर बेंगलुरु के चिननस्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। हालांकि प्रैक्टिस सेशन का फोकस एक बेहद खास खिलाड़ी यानी ऋषभ पंत पर था जिनकी भारतीय टीम में वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारतीय मेंस क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मैच की पूर्व संध्या पर बेंगलुरु के चिननस्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। हालांकि, प्रैक्टिस सेशन का फोकस एक बेहद खास खिलाड़ी यानी ऋषभ पंत पर था, जिनकी भारतीय टीम में वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत ने टीम के अभ्यास सत्र में भाग लिया और उन्हें विराट कोहली के साथ बातचीत करते देखा गया। इस बीच स्टार खिलाड़ियों ने खूब हंसी-मजाक किया। ऋषभ पंत वर्तमान में बेंगलुरु में एनसीए में रिहैब पर हैं। पिछले साल दिसंबर में ऋषभ पंत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पिछले एक साल से वह क्रिकेट के मैदान से दूर रहे। अब उन्होंने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि कोहली की अपने आईपीएल घरेलू मैदान पर वापसी ब्लॉकबस्टर होने की उम्मीद है। कोहली को एम चिननस्वामी स्टेडियम में सर्वाधिक ऊ20घ् रनों के ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल के 139 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए केवल 36 रनों की आवश्यकता है। कोहली 12000 टी20 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बनने से सिर्फ 6 रन दूर हैं।

# करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान की प्लेइंग-11 में बड़ा बदलाव, तीन खिलाड़ी हुए बाहर तो इस ऑलराउंडर की हुई वापसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 मैच का तीसरा टी20 17 जनवरी को यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाना है। कीवी दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए पाकिस्तान की टीम में तीन बड़े बदलाव हुए हैं। पाकिस्तान सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और तीसरे मुकाबले से एक



टीम फिलहाल सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले टी20 मुकाबले में 46 रन से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 मैच का तीसरा टी20 17 जनवरी को यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाना है। कीवी टीम फिलहाल सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है। न्यूजीलैंड ने पहले टी20 मुकाबले में 46 रन से जीत हासिल की थी। उस मैच में डेरिल मिचेल ने 27 गेंद पर 61 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। उस मैच में डेरिल मिचेल ने 27 गेंद पर 61 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। दूसरे टी20 मैच में में केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम ने 21 रन से जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली थी। दोनों मैचों में करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान टीम ने तीसरे टी20 के लिए प्लेइंग-11 में तीन बड़े बदलाव किए हैं। दिन पहले ही पाकिस्तान ने अपनी प्लेइंग-11 में तीन बदलाव किए हैं। तीसरे टी20 मैच के लिए प्लेइंग-11 से आमिर जमाल, अब्बास अफरीदी और उस्मा मीर को बाहर का रास्ता दिखाया है। उनकी जगह वसीम जूनियर, जमन खान और मोहम्मद नवाज को प्लेइंग-11 में जगह मिली है। बता दें कि अब्बास अफरीदी चोटिल होने के चलते तीसरा टी20 मैच खेलने के लिए उपलब्ध नहीं थे। अब्बास अफरीदी के स्कैन के बाद ये जानकारी मिली थी कि वह आगे के मैच नहीं खेल पाएंगे। इस बीच पीसीबी ने बयान जारी कर कहा कि अब्बास के स्कैन में कोई गंभीर चोट सामने नहीं आई है, लेकिन वह तीसरे टी20 मैच नहीं खेल पाएंगे। पाकिस्तानः मोहम्मद रिजवान, सैम अयूब, बाबर आजम, फखर जमां, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी (कप्तान), मोहम्मद वसीम जूनियर, हारिस रउफ, जमन खान।

# बांग्लादेशी क्रिकेटर नासिर हुसैन पर लगा 2 साल का बैन, आईसीसी के एक नहीं कई नियमों का उल्लंघन करने की मिली सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बांग्लादेशी क्रिकेटर नासिर हुसैन को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधर संहिता के उल्लंघन के आरोप के बाद क्रिकेट के तीनों



फॉर्मेट से बैन कर दिया गया है। नासिर हुसैन पर सितंबर 2023 में तीन अलग-अलग आरोप लगाए गए थे, जिसे स्वीकार कर लिया है हुसैन को दो साल के लिए बैन लगाया गया है, जिसमें 6 महीने का निलंबन भी है। आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में नासिर पर ये आरोप लगाए गए दरअसल, आईसीसी ने ये कंफर्म किया है कि नासिर हुसैन जिन्होंने आखिरी बार बांग्लादेश के लिए साल 2018 में खेला था, उन्हें 6 अप्रैल 2025 तक क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलने की अनुमति नहीं है।द्वारा अपने बयान में बताए गए तीन आरोप इस प्रकार हैं 1. संहिता के अनुच्छेद 2.4.3 का उल्लंघन, इसमें वह नामित भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को उस उपहार मिलने का खुलासा नहीं करना (बिना किसी अनावश्यक देरी के) जो उसे पेश किया गया था जिसका दाम काफी ज्यादा था, नए ग्झ्प्दहा 12 का उपहार उन्हें मिला गया था।

# राशीफल

मेष-ःइस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

वृष-ःइस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मिथुन-ःमन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

कर्क-ःसप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सिंह-ःसप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

कन्या-ःइस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

तुला-ःनौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

वृश्चिक-ःइस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से

धनु-ःनौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

मकर-ःपरिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

कुंभ-ःमन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर

मीन-ःपारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।



## सम्पादकीय

# विरोधियों के बेतुके बयानों के कारण भी भाजपा को मिलते हैं वोट

भाजपा की नीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन विरोधियों के बेतुके बयानों से आहत होकर भी जनता कांग्रेस के खिलाफ मत देने को विवश हो जाती है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों के निहितार्थ क्या हैं? यह ठीक है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा की नीतियों-कार्यक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों से प्रभावित होकर बहुमत दिया है। परंतु लगता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बेतुके बयानों से आहत होकर भी जनता कांग्रेस के खिलाफ मत देने को विवश हो जाती है। भले ही बीते एक वर्ष से इस दल की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खरगे कर रहे है, परंतु पार्टी की परोक्ष कमान गांधी परिवार के हाथों में ही है। वर्षों से कांग्रेस में विचारधारा का टोटा है, जिसकी पूर्ति घिसे-पिटे वामपंथी जुमलों से करने का प्रयास हो रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण कांग्रेस द्वारा तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए राजनीति में जाति के भूत को पुनः जीवित करने का प्रयास है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा इन चुनावों में 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा बार-बार दोहराया गया। अभी तक सपा, बसपा, राजद जैसे क्षेत्रीय दल जाति आधारित राजनीति करते थे। यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस ने इस जिनन्न को बंद बोतल से बाहर निकालने की कोशिश की है। जाति निश्चय ही भारतीय समाज की एक सच्चाई है। परंतु अब आधुनिक शिक्षा, सर्वांगीण अवसर, तकनीकी दौर और बाजारवाद के युग में जाति की भूमिका गौण हो गई है। आज के आकांक्षावान युवा जातीय पहचान से ऊपर उठकर देखने की क्षमता रखते हैं। इसलिए राहुल-प्रियंका के 'सत्ता में आने पर जातिगत-जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से हक दिलाने' के वादे का उलटा प्रभाव हुआ। इसी वजह से अशोक गहलोत और भूपेश बघेल की योजनाओं के असंख्य लाभार्थी भी कांग्रेस से छिटक गए। इससे पहले गत वर्ष गुजरात विधानसभा चुनाव और अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा के समय राहुल ने आदिवासियों को देश का 'असली मालिक' बताया था। यदि राहुल के लिए आदिवासी देश के 'असली मालिक' हैं, तो शेष लोग कौन हैं? छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश जैसे आदिवासीबहुल राज्य में भाजपा की निर्णायक जीत ने राहुल की 'आदिवासी बनाम शेष हिंदू समाज' की राजनीति को भी ध्वस्त किया। वास्तव में, यह चिंतन भारतीय संस्कृति विरोधी वामपंथ से प्रेरित होने के साथ ब्रितानी औपनिवेशिक उपक्रम ('बांटो-राज करो' सहित) से भी जनित है, जिसका अंतिम उद्देश्य भारत को एक राष्ट्र के रूप में नकारना और उसे 1947 की भांति कई टुकड़ों में खंडित करना है। इसका प्रमाण- राहुल के विदेशी विश्वविद्यालयों में दिए उन वक्तव्यों में मिल जाता है, जिसमें उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और देश की मौलिक बहुलतावादी संस्कृति को अपमानित करते हुए कहा था–'भारत एक राष्ट्र नहीं, अपितु राज्यों का एक संघ है।' सच तो यह है कि भारत सदियों से सांस्कृतिक तौर पर एक राष्ट्र है। यह विडंबना है कि राहुल गांधी मार्क्स-मैकॉले एजेंडे को तब आगे बढ़ा रहे है, जब गांधी जी ने अपनी हिंद स्वराज (1909) पुस्तक में लिखा था- '...अंग्रेजों ने सिखाया है कि आप एक राष्ट्र नहीं थे और एक-राष्ट्र बनने में आपको सैकड़ों वर्ष लगेंगे। यह बात बिल्कुल निराधार है। जब अंग्रेज हिंदुस्तान में नहीं थे, तब भी हम एक राष्ट्र थे, हमारे विचार एक थे, हमारा रहन-सहन एक था। ...भेद तो अंग्रेजों ने बाद में हमारे बीच पैदा किए... दो अंग्रेज जितने एक नहीं, उतने हम भारतीय एक थे और एक हैं...।' बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है। स्वतंत्र भारत के सार्वजनिक विमर्श को भी राहुल गांधी ने सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है। धुर वैचारिक-राजनीतिक विरोधी होने के बाद भी पंडित नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी ने सीमा नहीं लांघी। इंदिरा गांधी ने, बतौर प्रधानमंत्री, सावरकर और गोलवलकर को भी सराहा। परंतु राहुल अपवाद हैं। अपनी ही सरकार द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति को फाड़ना, उद्यमियों को तिरस्कृत करना, एक उपनाम के सभी लोगों को चोर बताना और या 'पनौती', 'डंडे मारने' जैसे शब्दों का उपयोग करना-इसका प्रमाण है। सच तो यह है कि मोदी-शाह की जोड़ी जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए प्रोत्साहित तो करती है, परंतु राहुल-प्रियंका के वक्तव्य कांग्रेस सरकार के लाभाथियों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए विवश कर देते हैं।

# इंडिया' की अंदरूनी चुनौतियां, गठबंधन को बचाने के लिए प्रबंधन की दरकार

तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में अप्रत्याशित हार के बाद उपज रही निराशा से 'इंडिया' गठबंधन पर टूट का खतरा मंडरा रहा है। उसे अपनी गतिविधियों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक पूर्णकालिक संचालक की दरकार है, पर दिक्कत यह है कि कांग्रेस की योजना में संयोजक का पद 'अनावश्यक' माना जा रहा है राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश, इन तीन हिंदी भाषी राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली अप्रत्याशित और अपमानजनक पराजय के बाद कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन के भीतर से भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बमुश्किल 48 घंटों के बाद ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ एक सामूहिक मुहिम के लिए जरूरी समर्थन जुटाने हेतु ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नीतीश कुमार तक पहुंचने की कोशिश की दरअसल, कमलनाथ चाहते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन चुनावों पर न्यायमूर्ति मदन लोकुर की अध्यक्षता वाले सिटिजन कमीशन की सिफारिशों को जोर-शोर से उठाए, जिनके अनुसार ईवीएम मशीनें सत्यापन योग्य नहीं हैं। सिटिजन पैनल के एक सदस्य सुभाशीष बनर्जी का तर्क है कि ईवीएम मशीन के स्रोत कोड को सार्वजनिक होना चाहिए या ईवीएम में केवल एक बार प्रोग्राम करने वाली चिप का ही इस्तेमाल होना चाहिए इत्यादि बातें केवल मुख्य मुद्दे से भटकाने का काम करती हैं। अगर ये सभी मांगें मान भी ली जाएं (माना भी जाना चाहिए), तब भी ईवीएम सत्यापन योग्य नहीं होंगी। लेकिन ईवीएम के कथित दुरुपयोग के लिए 'इंडिया' गठबंधन का समर्थन पाने की कमलनाथ की इस कोशिश में एक बड़ा दोष है। पहला, यह पराजित पक्ष का तर्क है, और, दूसरा, ईवीएम से छेड़छाड़ का यह तर्क तेलंगाना में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के संदर्भ में अपना अर्थ खोता दिखता है, जहां उसने बीआरएस और भाजपा, दोनों को प्रभावशाली अंतर से हराया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान 'अखिलेश वखिलेश' कहते हुए 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को प्रदेश से बाहर रखने के बाद कमलनाथ जिस दुस्साहस के साथ सहयोगियों से समर्थन मांग रहे हैं, उससे अखिलेश, ममता और नीतीश चकित हैं। यह भी याद किया जा सकता है कि तीन महीने पहले सितंबर में दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर विपक्ष के 13 सदस्यीय पैनल की एक बैठक हुई थी, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन ने अक्तूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में महागठबंधन की पहली बैठक के लिए सहमति जताई गई थी। लेकिन कमलनाथ ने ऐसी किसी सार्वजनिक बैठक की मेजबानी से इन्कार कर दिया था, जो भाजपा सरकार में बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित होगी। भोपाल में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक को लेकर कमलनाथ के विरोध को कई तरह से देखा जा सकता है। उनका तर्क था कि प्रस्तावित गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था, जो राज्य विधानसभा चुनाव में उन्हें नुकसान पहुंचा सकता था, जो उन्हें लगा कि वह आसानी से जीत रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयगिरि द्वारा सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी से उपजे विवाद की भी जानकारी थी। वह समाजवादी पार्टी, जदयू और वामपंथियों के साथ कुछ ही सीटों को लेकर किसी भी तरह के समझौते के पक्ष में नहीं थे। सभी जानते हैं कि अखिलेश यादव ने इसे कितना बड़ा मुद्दा बनाया, जिसे नीतीश कुमार और ममता बनर्जी का समर्थन भी मिला। दरअसल, मध्य प्रदेश में इस 'अन्य' वर्ग के वोट भाजपा के खाते में पड़े, जिसने भाजपा के वोट प्रतिशत को 46 फीसदी तक पहुंचा दिया, जबकि कांग्रेस 40 फीसदी पर ही ठहर गई। सवाल यह है कि क्या कमलनाथ इस झड़प को टाल सकते थे? व्यापक तौर पर देखें, तो 'इंडिया' गठबंधन के कुछ सहयोगी अब कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। सीटों के बंटवारे के प्रस्तावित फॉर्मूलें को अब टीएमसी, समाजवादी पार्टी, जदयू और आप की तरफ से ज्यादा विरोध का सामना कर पड सकता है। निराशा या अवसरवादिता के चलते 'इंडिया' गठबंधन के टूटने का भी खतरा है, क्योंकि, विपक्ष को डर सताने लगा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे लगभग तय ही हैं। दरअसल, 'इंडिया' गठबंधन की सभी वार्ताओं में गांधी परिवार एक कमजोर कड़ी बना हुआ है। कांग्रेस में राहुल और प्रियंका गांधी की कोई भूमिका तय नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे को अखिल भारतीय कांग्रेस के 88वें अध्यक्ष बने बेशक एक साल से ऊपर हो चुका है, लेकिन यह बात फैली हुई है कि किसी भी राजनीतिक फैसले या मंजूरी के लिए वह राहुल गांधी के पास जाते हैं। तो, आखिर कांग्रेस के लिए आगे की राह क्या बचती है? विपक्ष या 'इंडिया' गठबंधन को यथाशीघ्र चुनाव- प्रबंधन के तंत्र, वार्ता के बिंदु और सोशल मीडिया नीति को दुरुस्त कर लेना चाहिए। गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल नरेंद्र मोदी का है। क्या मतदाताओं की नजर में संभावित विकल्प बने बगैर मौजूदा प्रधानमंत्री से सवाल करना या उनकी आलोचना करना उचित है? 'इंडिया' गठबंधन के लिए कैच-22 (विरोधाभाषी स्थितियों में फंसना) जैसी स्थिति हो गई है। उन्हें मोदी को कठघरे में भी खड़ा करना है, और अपने बीच से किसी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर न दिखाने को लेकर उनमें तकरीबन सहमति भी है। इसी तरह जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दों पर राहुल गांधी का खास जोर और धार्मिक कार्यक्रमों में बदलाव लाने के कांग्रेस के प्रयास कुछ ज्वलंत मुद्दे हैं कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन में कई लोग ऐसे हैं, जो जाति जनगणना के मुद्दे पर ज्यादा विचार-विमर्श की जरूरत को मानते हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश में कमलनाथ द्वारा शुरू किए गए हिंदुत्व समर्थक कार्यक्रमों पर भी बात होने की पूरी उम्मीद है। 'इंडिया' गठबंधन को अपनी गतिविधियों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक पूर्णकालिक संयोजक की भी जरूरत है, जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। किसी से छिपा नहीं है कि इसके लिए ममता बनर्जी, शरद पवार और नीतीश कुमार इसके कुछ दावेदार हैं, बशर्ते कांग्रेस नेतृत्व (गांधी परिवार और खरगे), उनसे औपचारिक अनुरोध करें। दिक्कत यह है कि कांग्रेस की योजना में संयोजक का पद कुछ अस्पष्ट वजहों से 'अनावश्यक' माना जा रहा है। इन चुनौतियों को देखते हुए ममता, नीतीश और अखिलेश जैसे 'इंडिया' गठबंधन के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपनी तरफ से सुलह के कुछ संकेत दे और अनौपचारिक तौर पर गठबंधन का नेतृत्व क्षेत्रीय दलों को सौंपे। यह कड़वी दवा ही कांग्रेस के लिए एकमात्र उपचार है।






# शादी के सीजन में चमकता सोना, पर खदानों में घट रही है 'दमक'

त्योहारों और शादियों के समय सोना महंगा हो जाता है। पर खदानों में सोने का रिजर्व घटते जाने से इसके दाम अकल्पनीय ऊंचाई पर जा सकते हैं। दुर्लभ पीली धातु इस समय सारी दुनिया को चकाचौंध कर रही है। दुनिया भर के कमॉडिटी मार्केट में इसकी चमक है और न्यूयॉर्क कमॉडिटी एक्सचेंज में तो यह 2,000 डॉलर प्रति औंस की सीमा को तोड़ता हुआ 2,028 डॉलर प्रति औंस पर जा पहुंचा। ऐसे में, कुछ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अगर ऐसे ही हालात रहे, तो अगले साल के अंत तक सोना 2,200 डॉलर प्रति औंस पर जा पहुंचेगा। भारत में इस समय शादियों का सीजन चल रहा है और सोना 62,287 रुपये प्रति 10 ग्राम है। देश में सोना घरेलू कारणों की तुलना में अंतरराष्ट्रीय कारणों से प्रभावित होता है, क्योंकि अपने यहां सोने का उत्पादन नगण्य है, जबकि किसी जमाने में यहां सोने का उत्पादन सबसे ज्यादा था। कोलार की खानें कभी सोना उगलती थीं। अंग्रेजों ने 121 सालों तक यहीं से सोना लूटा और बेहद कठिन परिस्थितियों में मामूली मजदूरी पर लोगों से काम करवाया। आजादी के बाद सोने का उत्पादन कम हो गया, लेकिन 2001 में यहां सोने का उत्पादन बंद ही हो गया। उसके बाद से भारत पूरी तरह से सोने के आयात पर निर्भर हो गया। सोने के प्रति भारतीयों के मोह ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक देश बना दिया। आज देश सालाना औसतन 700 टन सोने का आयात करता है और इसकी वजह से भारत का व्यापार संतुलन गड़बड़ा गया है। कच्चे तेल के बाद हम सोने का ही सबसे ज्यादा आयात करते हैं, जिसका कोई व्यवहारिक उपयोग नहीं है, जबकि चांदी का औद्योगिक उपयोग है। इस साल सोने का आयात घटकर 650 टन होगा, क्योंकि विश्व बाजार में सोना महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने के मूल्य अमेरिका की आर्थिक नीतियों तथा डॉलर के उतार-चढ़ाव पर कमोबेश निर्भर करते हैं। उत्पादन घटने से तो सोना महंगा हो ही रहा है, जब दुनिया में प्राकृतिक या मानवीय विपदा आती है, तब भी सोने की कीमत बढ़ जाती है। सोना मुसीबत का सच्चा साथी है। इसलिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने पास सोना जमा रखते हैं और जरूरत के हिसाब से बेचते-खरीदते भी हैं। कोविड महामारी के समय भी सोने की कीमतें चढ़ गई थीं और जब ईरान-अमेरिका युद्ध के कगार पर जा पहुंचे थे, तो भी ऐसा ही हुआ। अभी रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-हमास संघर्ष में भी ऐसा ही हुआ। इसकी कीमतें इन कारणों से बढ़ी हैं। लेकिन एक बड़ा कारण यह है कि अमेरिका में इस समय सरकारी बांडों का मूल्य तेजी से गिर रहा है तो दूसरी ओर डॉलर भी महत्वपूर्ण मुद्राओं के मुकाबले नीचे जा रहा है। डॉलर के गिरने का मतलब यह है कि अन्य महत्वपूर्ण मुद्राएं ऊपर जा रही हैं जिससे उन देशों के निवेशक सोना खरीदते हैं। डॉलर और सोने की कीमतों में सीधा संबंध है और इस समय जैसे-जैसे डॉलर गिर रहा है, सोने के दाम बढ़ रहे हैं। सोने में बड़े पैमाने पर सट्टा लगता है और अमेरिका की कुछ कंपनियां तो अरबों डॉलर का सट्टा सोने पर लगाती हैं, जिससे इसकी कीमतों में उतार-चढ़ाव आता रहता है। सोने की खदानों में अब रिजर्व भी घटता जा रहा है। आने वाले समय में अगर नए रिजर्व नहीं मिले, तो सोना अकल्पनीय ऊंचाई पर जा सकता है। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल बैंक को यह बात समझ में आ गई है कि महंगाई रोकने के लिए मौद्रिक नीति के इस्तेमाल की अपनी सीमाएं हैं। यानी ब्याज बढ़ाकर महंगाई घटाने का तरीका घिस-पिट गया है, क्योंकि अब मुद्रास्फीति के लक्षण भी बदल गए हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति अब भी ज्यादा है और इस कारण सोने के दाम बढ़ गए हैं, क्योंकि बड़े निवेशक इसमें निवेश कर रहे हैं। पर भविष्य में जब मुद्रास्फीति कम होगी, तो सोने की कीमत भी गिर जाएगी। फिर रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-हमास के बीच चल रहे युद्ध रुकने की संभावना को देखते हुए भी सोने के दाम घटने की उम्मीद है। अपने यहां पर्व-त्योहारों- जैसे अक्षय तृतीया और दिवाली में सोने की खरीद में तेजी आने से भी उसकी कीमत बढ़ जाती है। फिर चूंकि यहां सोने पर लगभग 17 फीसदी टैक्स है, इस वजह से यह हर देश से महंगा है। महंगा होने के कारण बाजारों में हल्के गहनों की बिक्री ज्यादा है।




# मिजोरम को विकास चाहिए, जातीय राष्ट्रवाद के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन के वादों पर भरोसा

मिजोरम के मतदाताओं ने एमएनएफ के जातीय राष्ट्रवाद के बजाय जेडपीएम के संरचनात्मक परिवर्तन के वादों पर भरोसा किया। लेकिन राज्य की बदहाल आर्थिक स्थिति के मद्देनजर देखने वाली बात होगी कि जेडपीएम अपनी घोषणाओं को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए क्या कदम उठाएगी। मिजोरम के विधानसभा चुनाव में लालदुहोमा के नेतृत्व वाला गठबंधन जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने अपना शानदार राजनीतिक प्रदर्शन करते हुए मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बेदखल कर दिया है। इस पूर्वोत्तर राज्य में बदलाव की हवा इतनी तेज थी कि मुख्यमंत्री जोरामथंगा आइजोल ईस्ट-1 की सीट पर चुनाव हार गए। उन्हें जेडपीएम के ललथनसांगा ने दो हजार मतों से पराजित किया। जेडपीएम ने 40 सदस्यीय विधानसभा की 27 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि सत्तारूढ़ एमएनएफ को 10 सीटें ही मिलीं। भाजपा को दो और कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली। गौरतलब है कि 1987 से राज्य की सत्ता पर बारी-बारी से दो ही पार्टियों-कांग्रेस और एमएनएफ का कब्जा रहा है। इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच दस-दस साल के अंतराल पर सत्ता का बंटवारा हुआ है। इन दोनों पार्टियों के यथास्थितिवादी नजरिये से जनता ऊब गई थी। ऐसे में जब जेडपीएम ने यह नारा दिया कि 'बदलाव के लिए वोट करें, हमारी नई पार्टी को मौका दें', तो मतदाताओं को उम्मीद दिखी और उन्होंने जेडपीएम पर भरोसा करके मतदान किया। जोरम पीपुल्स मूवमेंट का गठन वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ था। शुरुआत में जोरम पीपुल्स मूवमेंट छह क्षेत्रीय दलों का गठबंधन था, जिसमें मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। लेकिन 2019 में सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस गठबंधन से अलग हो गई और अब यह पांच छोटे-छोटे दलों का गठबंधन है।



## संक्षिप्त समाचार

### तेजी से बूढ़ा हो रहा चीन, मरने वाले पैदा होने वालों से ज्यादा; जनसंख्या में लगातार दूसरे वर्ष आई गिरावट

**बीजिंग।** सरकार के सांख्यिकी ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि चीन की जनसंख्या में 2023 में 2 मिलियन लोगों की गिरावट आई है, जो कि लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा है कि कोविड-19 प्रतिबंध हटने के बाद जन्म में गिरावट और मृत्यु में वृद्धि हुई है। सरकार के सांख्यिकी ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि चीन की जनसंख्या में 2023 में 2 मिलियन लोगों की गिरावट आई है जो कि लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा है कि कोविड-19 प्रतिबंध हटने के बाद जन्म में गिरावट और मृत्यु में वृद्धि हुई है। मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 690000 हो गई। मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक बढ़कर 690,000 हो गई। जनसांख्यिकी विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे थे कि पिछले साल के अंत में शुरू हुई और पिछले साल फरवरी तक जारी रहने वाली कोविड-19 के प्रकोप के कारण मौतों में तेज वृद्धि होगी। सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि कुल जनसंख्या 1.4 अरब थी। ब्यूरो ने अपने रिपोर्ट में कहा कि जन्मों में गिरावट जन्म दर में गिरावट को दर्शाती है, जो चीन के लिए लंबे समय से चल रही आर्थिक और सामाजिक चुनौती है। जनसंख्या लगातार बूढ़ी हो रही है। ब्यूरो ने कहा कि जन्म दर में गिरावट आर्थिक विकास को धीमा कर सकती है और कम श्रमिकों के साथ बड़ी बुजुर्ग आबादी को प्रदान करने की देश की क्षमता को चुनौती दे सकती है।चीन में सातवें वर्ष जन्मों की संख्या में गिरावट आई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में जन्मों की संख्या में कम गिरावट देखी गई है। पिछले साल लगभग 9 मिलियन बच्चों का जन्म हुआ, जो 2016 की कुल संख्या का आधा है। चीन, जो कभी अपनी एक-बाल नीति के साथ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने की कोशिश करता था, अब विपरीत समस्या का सामना कर रहा है। सरकार ने 2016 में अपनी एक-बाल नीति को आधिकारिक तौर पर समाप्त करने के बाद से जन्म को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है लेकिन बहुत कम सफलता मिली है। लोग देर से शादी कर रहे हैं और कभी-कभी बच्चे पैदा न करने का विकल्प भी चुनते हैं, जिनके पास केवल एक ही बच्चा होता है। क्योंकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक माहौल में बच्चों को शिक्षित करने की उच्च लागत होती है।


### चुनाव परिणाम से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि ताइवान चीनी है, चीन ने किया बड़ा दावा

**बीजिंग।** चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि यह द्वीप चीनी है। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के चुनाव के नतीजे से यह तथ्य नहीं बदलेगा कि यह द्वीप चीनी है। प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा चुनाव परिणाम पुनर्एकीकरण की प्रवृत्ति को नहीं रोक सकते। ताइवान की सरकार चीन के संप्रभुता के दावे को खारिज करती है। प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बीजिंग में एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, चुनाव परिणाम पुनर्एकीकरण की प्रवृत्ति को नहीं रोक सकते।

# श्री रामजी की प्राण-प्रतिष्ठा का पल हम सभी के जीवन का सौभाग्यशाली पल है - रवि राघव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** सर्वशक्ति साधना मंडल नोएडा के सदस्य रवि राघव ने कहा है कि भगवान राम का अयोध्या में जन्म भूमि पर बने मंदिर में विराजमान होना हमारे जीवन का ऐसा सौभाग्यशाली पल होगा , जिसे पाने के लिए ना जाने कितने जन्म लेने पड़ते हैं हम सभी ऐसे सौभाग्यशाली पल का साक्षी बनेंगे, तो यह सब प्रभु राम की असीम कृपा ही है रवि राघव ने कहा है कि अयोध्या धाम में राम लाल प्राण प्रतिष्ठा से सुविकसित, सशक्त, स्वाभिमानी और समृद्ध विश्व में सर्वोपरि भारत का सपना पूरा होगा । प्राण प्रतिष्ठा विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद रहेंगे, रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा , राम राज्य की स्थापना में अहम भूमिका निभाएगी पूरे विश्व में सनातन धर्म व राम नाम का परचम लहराएगा श्री राम की कृपा से हम पुनः सोने की चिड़िया व विश्वगुरु के रूप में स्थापित होंगे, अतः ऐसे



सौभाग्यशाली पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए ,हमें दिन में मंदिरों व अपने घरों में भगवान राम की पूजा अर्चना करनी है और रात्रि में दीपावली पर्व की भांति ही अपने घरों को दीयों से सजाना है और मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई देकर इस भाग्यशाली पल को मनाना है। हमारे प्रभु श्री राम के मंदिर को स्थापित करने में जो विवाद न्यायालय में चल रहा था वह विश्व का सबसे लंबे समय तक चलने वाला मामला था ।यह मामला लगभग 500 बर्षो तक न्यायालय में चलने के बाद यह निणय्र आया जिसे पूरा देश पलकें बिछाए इन्तजार कर रहे थे। यह मामला हमारे दिल से, हमारे धर्म से,समाज से, संस्कृति और संस्कार से जुडा हुआ था। इस मामले से हमारे सनातन धर्म की जीत हुई है।हम सभी की जीत हुई है। इतनी बड़ी जीत हुई है तो दीपावली से भी बड़ा उत्सव मनाने के लिए लिए पूरा देश आतुर हैं। 22 जनवरी हमारे लिए सभी त्योहारो से भी बड़ा उत्सव है। हर सनातनी इस दिन को बहुत ही यादगार बनाना चाहते हैं।और क्यों न बनाए जो इतने दिनों बाद ऐसा शुभ मुहूर्त हम सभी को मिला जो है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से पीड़ित पंप ऑपरेटर कर्मचारियों ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों को अपनी समस्याओं से कराया रूबरू


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटर ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के आवास चाई 4 पहुंच कर ज्ञापन के माध्यम से पम्प ऑपरेटर के साथ हो रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिसमें मुख्य मांगे पम्प ऑपरेटर को 8 से 10 महीने में सैलरी मिलना किसी भी ऑपरेटर के पास प्राधिकरण का कोई कार्ड नहीं है अगर किसी पंप ऑपरेटर के साथ में कोई दुर्घटना घटती है तो प्राधिकरण की तरफ से कोई दुर्घटना बीमा नहीं है अनेक समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी इसका संज्ञान लेते हुए किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान और उपाध्यक्ष आलोक नागर ने कहा कि आपकी सभी मांगे जायज है और इन सभी मांगों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को ज्ञापन के माध्यम से रखेंगे अगर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पंप ऑपरेटर की सभी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं करेगा तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष आलोक नागर, महासचिव कृष्ण नागर , कोषाध्यक्ष लोकेश भाटी ,संस्थापक सदस्य नरेंद्र भाटी ट्यूबवेल ऑपरेटर जितेंद्र भाटी दिलशाद ओमप्रकाश नगर अखिल भाटी सोनू मावी अमित नगर मोहित भाटी देवन भाटी प्रिंस चौधरी धर्मवीर भाटी, प्रवीण राहुल, कमल,चमन,नवल व सैकड़ो पम्प ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# भारत ही नहीं स्विट्जरलैंड के दावोस में भी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम, दीये जलाने की तैयारी कर रहे रामभक्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दावोस।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान अयोध्या में राम मंदिर ने इस स्विस स्की रिसॉर्ट्स शहर में हलचल पैदा कर दी है। भक्त इस आगामी सोमवार को अभिषेक दिवस पर राम भजन आयोजित करने और दीये जलाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, कई वैश्विक व्यापारिक नेता भारतीय प्रतिनिधिमंडल से उत्तर प्रदेश में अयोध्या को एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने से उत्पन्न व्यापार और बुनियादी ढांचे के अवसरों के बारे में पूछताछ कर रहे है, जिनमें सरकारी और निजी क्षेत्र के लोग भी शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा हर धर्म का सम्मान करते हुए हमने लंबे समय तक इंतजार किया कि भगवान घर आएंगे। ईरानी ने कहा यह जशन और खुशी का कारण है इसलिए धैर्य दिखाने वाले हर किसी के प्रति मेरी कृतज्ञता और मैं 22 जनवरी को घर वापस जाने अमेठी जाने और उनके साथ जशन मनाने के लिए उत्सुक हूं। डब्लूईएफ की वार्षिक बैठक 2024 से इतर पीटीआई से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वह भक्तों के एक समूह से मिलीं, जिन्होंने उनसे पूछा कि क्या वे 24 जनवरी को राम मंदिर अभिषेक समारोह भी मना सकते हैं। उन्होंने कहा, ठयहां कुछ राम भक्तों ने मुझसे एक संदेश रिकॉर्ड करने के लिए कहा, जिसमें यहां के समुदाय से राम भजन करने और 22 जनवरी को




यहां दीये जलाने का अनुरोध किया गया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेताओं का 22 जनवरी को अयोध्या में समारोह में उपस्थित रहने का कार्यक्रम है, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने देशभर के लोगों से इस दिन को अपने-अपने स्थानों पर दिवाली की तरह मनाने का आग्रह किया है। मंदिर के अलावा अयोध्या में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी स्थापित किया गया है, जबकि शहर को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां बड़ी संख्या में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बनाई जा रही हैं।ईरानी ने कहा, ठमुझे लगता है कि एक समुदाय के रूप में हमने दिखाया है... मैं हमेशा हिंदी में कहती हूं कि 'जब धर्म की बात आती है तो धैर्य दिखाएं और तथ्य यह है कि हमने धैर्य रखा है और न्यायिक फैसले का इंतजार किया है, हमारे विश्वासों और अधिकारों के संबंध में, जो हमारे लोकतंत्र और भारत के प्रधानमंत्री की ताकत के बारे में बहुत कुछ बताता है। महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा, ठहर धर्म का सम्मान करते हुए, हमने लंबे समय तक इंतजार किया कि भगवान घर आएंगे।ठ ईरानी ने कहा, ठयह जशन और खुशी का कारण है, इसलिए धैर्य दिखाने वाले हर किसी के प्रति मेरी कृतज्ञता और मैं 22 जनवरी को घर वापस जाने, (अपने लोकसभा क्षेत्र) अमेठी जाने और उनके साथ जशन मनाने के लिए उत्सुक हूं।अन्य राज्यों के अलावा, उत्तर प्रदेश ने भी डब्लूईएफ की वार्षिक बैठक के लिए यहां एक मंडप स्थापित किया है और दुनिया भर के व्यापारियों सहित आगंतुक मंदिर और अन्य अयोध्या परियोजनाओं के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। कई वैश्विक नेताओं ने कहा कि वे भारत में अन्य व्यावसायिक अवसरों के अलावा, इन परियोजनाओं के बारे में जानने के इच्छुक हैं।

# कांग्रेस में नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 12 खान पहलवान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारी जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस गौतम बुध नगर जावेद खान ,नोएडा विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित आवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र अमबावत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दयाशंकर पांडे,



नीरज आवाना ,पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन तीनों का संयुक्त रुप से जिला व शहर कांग्रेस के नेताओं ने जिले से निर्वाचित व चुनाव जीतने पर फूलमाला पगड़ी पहनकर स्वागत अभिनंदन किया इस मौके पर मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता पूनम पंडित, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दिनेश अवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारती, जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन शर्मा, इंद्रजीत तिवारी, विक्रम चौधरी ,वीरेंद्र मुखिया, योगेंद्र भाटी लडपुरा ,गुलफाम ,दिल्ली प्रदेश के केकेसी अध्यक्ष देव कुमार, सुशील रावत ,राजू चौहान, गौरव आधना, रामचंद्र गुप्ता , शेखर अग्रवाल, परवेज ,प्रेम शाह ,टीजे, सलमान ,सुमित जाटव , उमर ,पूनम, जीशान चौधरी ,प्रिंस पंडित, पूजा जाटव ,हाजी अली शेर खान पहलवान, दानिश , रिजवान, इमरान, शकील चौधरी , अर्जुन ,अरुण ,अमित शर्मा , मौसमी ,सुमन ,रोहित शर्मा ,नरेंद्र, अभय ,रोहित सिंह, अभिषेक अदानी ,रवि गुप्ता ?व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जहां से की थी राजनीति शुरू उस कॉलेज के उत्थान के लिए साथ हमेशा खड़ा रहूँगा- यतेन्द्र शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा कांग्रेस के नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा ने आज नोएडा विधानसभा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय सेक्टर- 39,नोएडा पहुंचकर उसके प्राचार्य आर0 के0 गुप्ता से मुलाकात कर कॉलेज के उत्थान के लिए चर्चा की उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा ने बताया कि मैंने 2008 से इसी महाविद्यालय से एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी की राजनीति की शुरूआत की थी समय-समय पर पहुंचकर महाविद्यालय में उसके उत्थान विकास के लिये छात्रों की समस्याओं को लेकर हमेशा तैयार खड़ा रहता हूं।



# व्यापारियों के हित के लिए मै हमेशा खड़ा रहूंगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा उत्तर प्रदेश युवा मंडल के प्रदेश कार्यालय में आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल सेक्टर 49 में पधारे त् प्रदेश कार्यालय में पहुँचने पर प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन व व्यापार मंडल की टीम ने उनका स्वागत किया त् आगामी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए बातचीत की गई त् अग्रवाल जी ने कहा कि 22 तारीख को हमें अयोध्या जैसा त्योहार हमारे नोएडा में आपसी सहयोग से मनाना है त् उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा व्यापार हितों के लिए कार्य करती है त् यदि नोएडा के किसी भी व्यापारी को कोई भी परेशानी हो तो मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूँगा त् प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने व्यापारियों की हो रही समस्याओं से उनको अवगत कराया त् और उसके समाधान के लिए उन्हें माँग पत्र दिया त् प्रदेश सचिव मनीष शर्मा ने सेक्टर 51 में हो रही पार्किंग की समस्याओं को उठाया त् प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंगल ने उएऊ विभाग द्वारा भेजे जा रहे नोटिस के लिए उनको अवगत कराया त् प्रदेश महामंत्री प्रवीन गर्ग ने कहा कि यदि व्यापारी सुरक्षित नहीं रहेगा तो व्यापारी आने वाले आगामी चुनावों का बहिष्कार करेगा त् प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने विश्वास दिलाया कि 22 जनवरी को नोएडा में भव्य रूप मे दिवाली मनाई जाएगी और व्यापार मंडल द्वारा दीप माला का आयोजन किया जाएगा ।

# जी एल बजाज एजूकेशनल इंस्टीट्यूट में श्रीराम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में 'श्री राम महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं शिक्षाविद् सुधांशु त्रिवेदी, श्री रामकिनकर विचार मिशन के संस्थापक अध्यक्ष, संत मैथिली शरण और कवि, गीतकार एवं संवाद लेखक मनोज मुन्ताशिर उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भव्य स्वागत किया और अपने संस्थान को प्रभु श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ा। उन्होंने कहा कि कलयुग में त्रेता युग की झलक पाना पौष के महीने में दीपावली मानना और राम लला का 500 साल बाद पुनः अयोध्या लौटना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। और ये सौभाग्य हमें ईश्वर की कृपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के निरंतर प्रयासों से मिला है। राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इस खास मौके पर सभागार को संबोधित करते हुए कहा कि ङ्कमहात्मा गांधी ने सोचा था कि भारत का शासन रामराज्य के आधार पर होना चाहिए। स्वाधीनता तो हमें 1947 में मिल गई थी पर स्वतंत्रता नहीं मिली थी। तंत्र में हमारा स्व का तत्व नहीं था आज उस स्व के तंत्र की प्राण -प्रतिष्ठा होने जा रही है। और भारत धर्म प्राण देश है इसकी यह मूल प्रवर्ती है। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुलामी की सोंच से बाहर निकलकर अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करें। देश के युवाओं को रामायण पढ़नी और उससे सीख लेनी चाहिए रामायण आपको जीवन के सत्य और त्याग का ज्ञान कराती



है। हमारे भगवान सभी को प्यारे है जिनकों भारत ही नहीं विश्व के बहुत सारे देशों में माना और पूजा जाता है इंडोनेसिया से लेकर हिंडौरास तक राम का गुणगान किया जाता है। विशेष आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आज से उत्सव शुरू हो गया है हम उसमें अप्रत्यक्ष रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों को अपने आचरण में अपने परिवार में समाज में स्थापित करें और बच्चों को अवश्य समझाएं। क्योंकि तुलसीदास ने भी कहा है 'रामचरितमानस' तो राम के चरित्र को मानस में धारण करने की आवश्यकता है। और पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत महान बनने की दिशा में अग्रसर हो चुका है और आगामी 22 जनवरी को 'राम की नगरी' अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की भव्य प्राण- प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना है। आराध्य प्रभु के आगमन को लेकर पूरा विश्व इन दिनों राममय है। महोत्सव के दूसरे सत्र में सनातन संस्कृति और श्रीराम पर संत मैथली शरण जी ने विस्तृत व्याख्यान दिया उन्होंने कहा की सनातन का तात्पर्य है जो पहले भी था आज भी है और कल भी रहेगा। वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी और आकाश सनातन है उन्होंने कहा की राम में मर्यादा का सार है और कृष्ण में संहार की मर्यादा उन्होंने भगवान राम की मर्यादा के सार को समझाते हुए कहा की अपने जीवन में माता सीता और लक्ष्मण के आदर्शों को ग्रहण करना चाहिए। अंत में मनोज मुन्तशिर ने अपने भक्तिमयी शब्दों से सभागार में जोश भर दिया उन्होंने कहा कि जिस देश में श्री राम का उत्सव मानाने के लिए इतने लोग इकठ्ठा हो जाए वो भारत ही हो सकता है इस देश को जवान और किसान सींचते है और मेरा सारा अर्जित सम्मान ये दोनों ही है हमने आकाश में उड़ना सीख लिया लेकिन हमें धरती पर रहना केवल श्री राम ही सीखा सकते है उन्होंने छात्रों से कहा कि हमने कलाई पर महंगी घड़ी तो बाँध ली लेकिन अपनों के लिए ही समय नहीं है हम लोग दिखावा ज्यादा करते है लेकिन घर परिवार और दोस्तों को खोते जा रहे है। हमारे जीवन के इस खाली पन को भरने के लिए श्री राम के आदर्शों की जरुरत है। उन्होंने राम के जीवन चरित्र का विस्तृत वर्णन किया जिस पर छात्र भाव विभोर हो गए। कहा कि देश का सम्मान हमारा सम्मान है। जो राम और उसकी धरती को समझ ही नहीं पाए उन्हें बताना चाहता हूँ की हम ही वो है जो एक बाण मारकर धरती से पानी निकाल लेते थे और पत्थर के टुकड़ो से समुन्दर पर सेतु बना देते थे। राम प्राण प्रतिष्ठा के बारे में कहा कि ये 22 तारीख हमें बड़े बलिदानो के बाद मिली है इसलिए उन बलिदानियों के प्रति सम्मान बनाए रखियेगा। उनके डायलॉग से छात्रों में जोश भर गया और पूरा सभागार जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस मौके पर संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं विशेष आमंत्रित गणमान्यों में उत्साह एवं जोश देखने लायक था।

# बिल्डिंग में रखा था भारी मात्रा में विस्फोटक, ब्लास्ट में गई दो लोगों की जान; 70 से अधिक घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के ओयो राज्य में स्थित एक निजी बिल्डिंग में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई है। नाइजीरिया के ओयो राज्य में स्थित एक निजी बिल्डिंग में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई है। गवर्नर सेई माकिंडे ने एक बयान में कहा कि विस्फोट में घायल हुए 77 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आने से कई घर भी तबाह हो गए। ओयो राज्य के गवर्नर ने बुधवार को बताया कि आवास में विस्फोटक रखा था, जिसमें ब्लास्ट हो गया और दो लोगों की जान



चली गई। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। गवर्नर सेई माकिंडे ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को शुरुआत जांच से पता चला है कि एक मकान पर अवैध खनन करने वालों ने कब्जा कर रखा था और उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक को जमा किया था। जिसके कारण ये विस्फोट हुआ है। माकिंडे ने कहा कि घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार उन लोगों को अस्थायी आवास उपलब्ध कराएगी, जिन्होंने इस विस्फोट में अपने घरों को खो दिया है।

# ईरान के हमले के हो सकते हैं गंभीर परिणाम', एयर स्ट्राइक पर भड़का पाकिस्तान; अधिकारी को किया तलब

**इस्लामाबाद।** ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोह-सब्ज क्षेत्र में बलूच विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोह-सब्ज क्षेत्र में बलूच विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले में दो बच्चों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हालांकि ईरान के हमले पर पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में किए गए हमले के जवाब में ईरान को गंभीर परिणाम के भुगतने की चेतावनी दी है। इस बीच ईरान के हमले पर पाकिस्तान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में किए गए हमले के जवाब में ईरान को गंभीर परिणाम के भुगतने की चेतावनी दी है। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा कहा है कि सभी देशों के लिए आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिसके लिए कार्रवाई की जरूरत है। विदेश कार्यालय ने कहा कि इस तरह के एकतरफा कृत्य अच्छे पड़ोसी संबंधों के अनुरूप नहीं हैं और यह द्विपक्षीय विश्वास को गंभीर रूप से कमजोर कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने पाकिस्तान में बलूच विद्रोही समूह जैश अल अदल के दो ठिकानों को नष्ट कर दिया है। यह समूह ईरान के दक्षिण-पूर्व में सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के रस्क शहर में पुलिस स्टेशन पर हमले के लिए जिम्मेदार है। इस हमले में 11 पुलिसकर्मी मारे गए थे।



# रियल लाइफ में बेहद गॉर्जियस हैं रणबीर कपूर की ऑनस्क्रीन बहन, तस्वीरें देख उड़ जाएंगे होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी मूवी फिल्म






'एनिमल' इन दिनों फैंस की पहली पसंद बनी हुई है। सुपरस्टार रणबीर कपूर की ये फिल्म ताबड़तोड़ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने की वजह से लगातार सुर्खियां बटोर रही है। रणबीर कपूर स्टारर मूवी एनिमल इस समय जमकर सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म में रणबीर कपूर का हिंसक रूप फैंस काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। इतना ही नहीं रणबीर के अलावा इस मूवी में उनकी बहन रीत का किरदार अदा करने वाली एक्ट्रेस सलोनी बत्रा के नाम की भी चर्चा इस वक्त खूब हो रही है। आइए उनकी कुछ तस्वीरें पर गौर करते हैं। इस मूवी में रणबीर के अलावा उनकी बहन रीत यानी एक्ट्रेस सलोनी बत्रा ने भी अहम भूमिका अदा की है। ऐसे में हम आपके लिए सलोनी बत्रा की कुछ ऐसी तस्वीरें लेकर आए है, जिन्हें देखकर आप ये कह सकते है कि वह रियल लाइफ में कितनी गॉर्जियस है। सलोनी बत्रा की ये तस्वीरें है कमाल फिल्म 'एनिमल' में सलोनी बत्रा की छवि एक सीधी-साधी सिंपल लड़की की दिखाई गई है। लेकिन असल जिंदगी की तरफ रुख किया जाए तो सलोनी बत्रा बिल्कुल भी ऐसी नहीं हैं। सलोनी बत्रा के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद इन तस्वीरों को देख इस बात का अंदाजा आप आसानी से लगा सकते हैं कि रियल लाइफ में वह कितनी ज्यादा हॉट और खूबसूरत दिखती हैं।अन्य फोटो के माध्यम से सलोनी बत्रा की हॉटनेस भी सामने निकल कर आ रही है। स्टाइलिश और बोल्ड लुक के जरिए सलोनी की ये फोटो आपका ध्यान जरूर खींचेगी। इतना ही नहीं फैंस को भी एनिमल एक्ट्रेस का ये अंदाज बेहद पसंद आता है, जिसकी वजह से आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर सलोनी बत्रा लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। फिल्म एनिमल में सलोनी बत्रा का रोल बेहद अहम दिखाया गया है। रणबीर कपूर की बहन के रूप में अपनी बेहतरीन अदाकारी से सलोनी ने हर किसी की दिल जीत लिया है। साल 2018 में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की फिल्म 'सोनी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली सलोनी बत्रा 'एनिमल' से पहले कई मूवीज में नजर आ चुकी है। अपने एक्टिंग करियर के दौरान सलोनी ने 'तैश, उलझन और 200 हल्ला हो' जैसी फिल्मों में अपना अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। इसके अलावा जी5 की 'लाइफ सही है' जैसी वेब सीरीज में भी वह नजर आ चुकी हैं।

# शोले' में धर्मेंद्र ने इस एक सीन के लिए खर्च कर दिए थे हजारों रुपये, हेमा मालिनी बनी थीं वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के ही-मैन धर्मेंद्र अपना बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। कुछ घंटे में एक्टर 88 साल के होने वाले हैं। धर्मेंद्र ने बॉलीवुड में एक लंबा और सक्सेसफुल करियर देखा। एक्टर की फैन फॉलोइंग भी तगड़ी है। धर्मेंद्र बॉलीवुड के एवरग्रीन स्टार है। एक्टर जल्द अपना 88वां बर्थडे





सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी धर्मेंद्र बेहद एक्टिव अभिनेता हैं। फिल्में हो या सोशल मीडिया एक्टर अपने फैंस के साथ जुड़े रहते हैं। साल 2023 में धर्मेंद्र ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ खूब चर्चा बटोरी। धर्मेंद्र ने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया। आज भी एक्टर फिल्मों में एक्टिव है। धर्मेंद्र साल 2023 में फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आए थे। फिल्म में शबाना आजमी संग उनके किसिंग सीन ने खूब चर्चा बटोरी थी। धर्मेंद्र रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ साबित कर दिया वो आज भी उतने ही कमाल के एक्टर हैं, जितने शानदार गुजरे दौर में थे। धर्मेंद्र के 88वें जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ा एक मजेदार किस्सा हेमा मालिनी के लिए उड़ाए हजारों धर्मेंद्र के करियर की सबसे बड़ी फिल्मों में 'शोले' भी शामिल है। एक्टर ने इस फिल्म में तब काम किया था, जब वो हेमा मालिनी को अपना दिल दे बैठे थे और उन्हें इम्प्रेस करने की पूरी कोशिश कर रहे थे। फिल्म से जुड़ा एक बेहद मजेदार किस्सा है, जब धर्मेंद्र ने एक्ट्रेस के पीछे उस दौर में हजारों रुपए उड़ा दिए थे।दरअसल, 'शोले' में एक सीन है जब धर्मेंद्र, हेमा मालिनी को बंदूक चलाना सिखाते हैं। फिल्म का ये सीन आइकोनिक है। छइं के अनुसार, ने इस सीन की शूटिंग के दौरान धर्मेंद्र लाइट-बॉय को 20 रुपये देते थे, ताकि वो उन्हें जानबूझकर परेशान करें और इस सीन के लिए रीटेक हो। धर्मेंद्र ऐसा सिर्फ इसलिए ताकि वो बार-बार हेमा मालिनी को गले लगा सकें। उस वक्त धर्मेंद्र ने ऐसा करने के लिए धीरे-धीरे करके लगभग 2000 रुपये खर्च कर दिए थे।

# अब अनुच्छेद 370 पर बनेगी फिल्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म बाहुबली के लेखक के.वी विजेंद्र प्रसाद के लिए यह साल खासा व्यस्त रहा। उन्होंने अपने बेटे और निर्देशक एस एस राजामौली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म की पटकथा पूरी की, जिसमें महेश बाबू केंद्रीय भूमिका में होंगे। अब साल खत्म होने के करीब है और अब वह अनुच्छेद 370 की पटकथा पर काम कर रहे हैं। वह बड़े बजट की इस फिल्म के केंद्र में



महिला पात्र को रख रहे हैं। प्रसाद बताते हैं 'कहानी एक महिला के दृष्टिकोण से बताई गई है जो विभाजन के समय से शुरू होती है। यह चित्रित करेगा कि अनुच्छेद 370 कैसे लागू किया गया इसके क्या प्रतिकूल प्रभाव रहे और इसे कैसे निरस्त किया गया जब वह 90 से अधिक उम्र की हैं। यह ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म इस बात पर केंद्रित होगी कि कैसे भारतीय संविधान ने नवंबर 1952 से अगस्त, 2019 तक जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिया। अगस्त, 2019 में भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया था। प्रसाद की पिछली फिल्में बाहुबली फ्रेंचाइजी और आरआरआर बेहद सफल रही थीं। उसकी कहानी लार्जर दैन लाइफ हीरो के केंद्र में रही। अब वह बड़े बजट की इस फिल्म के केंद्र में महिला पात्र को रख रहे हैं। प्रसाद बताते हैं, 'कहानी एक महिला के दृष्टिकोण से बताई गई है, जो विभाजन के समय से शुरू होती है। यह चित्रित करेगा कि अनुच्छेद 370 कैसे लागू किया गया, इसके क्या प्रतिकूल प्रभाव रहे और इसे कैसे निरस्त किया गया, जब वह 90 से अधिक उम्र की हैं।उनका दृढ़ विश्वास है कि वह तब तक नहीं मरेंगी जब तक कि श्रीनगर के लाल चौक पर भारतीय झंडा नहीं फहराया जाएगा।'''' प्रसाद ने हालांकि यह नहीं बताया कि इस पीरियड ड्रामा को कौन बना रहा है। उन्होंने कहा- मैं उस बॉलीवुड निर्माता का नाम नहीं बता सकता, जिसने मुझसे स्क्रिप्ट लिखने के लिए संपर्क किया है। यह कहानी गहन शोध और लोगों के प्रत्यक्ष अनुभवों पर आधारित है। तथ्यों को लेकर यह सटीक होना चाहिए। यह काल्पनिक नहीं है, हमने केवल उन घटनाओं का नाटकीयकरण किया है जो वास्तव में घटित हुई थीं।

# एनिमल की सुनामी में डटी 'सैम बहादुर', छठे दिन की सॉलिड कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक तरफ रणबीर कपूर स्टारर मूवी एनिमल सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस पर



धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। तो वहीं दूसरी तरफ विक्की कौशल की मूवी 'सैम बहादुर' शांत तरीके से बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखा रही है। विक्की कौशल स्टारर मूवी सैम बहादुर को फैंस की तरफ से काफी प्यार मिला है। इस मूवी में विक्की कौशल की एक्टिंग और फिल्म की कहानी काफी तारीफ की जा रही है। वहीं कमाई के मामले में भी सैम बहादुर ठीक-ठीक बिजनेस कर रही है। इस बीच सैम बहादुर के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। एनिमल की अपेक्षा 'सैम बहादुर' की कहानी और स्टार कास्ट का प्लॉट काफी अलग है, जिसके चलते मूवी कमशिय्यल तौर पर उतनी छाप नहीं छोड़ पाई। इस बीच 'सैम बहादुर' के छठे दिन की कमाई के लेटेस्ट आंकड़े सामने आ गए हैं। आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने बुधवार को कितना कारोबार किया है। छठे दिन 'सैम बहादुर' की शानदार कमाई का सिलसिला जारी बीते 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी वाली 'सैम बहादुर' को फिल्म क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस मूवी ने अपनी उम्दा कहानी से हर किसी का दिल जीता है। जबकि विक्की कौशल की एक्टिंग ने फैंस को काफी हद तक प्रभावित किया है।कम स्तर पर लेकिन 'सैम बहादुर' ने कमाई का सिलसिला ठीक-ठाक तरीके से जारी रखा है। इस बीच 'सैम बहादुर' के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के लेटेस्ट आंकड़े सामने आ रहे हैं। खबर लिखे जाने तक सैकनिल्क के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार बुधवार को डायरेक्टर मेघना गुलजार की इस मूवी ने करीब 3.16 करोड़ का कारोबार कर लिया है। बता दें कि कमाई के ये आंकड़े फिलहाल पूर्वानुमान हैं। असल नंबर्स आना अभी बाकी है। ओपनिंग वीकेंड के बद कछुए के चाल से चलते 'सैम बहादुर' ने कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। गौर करें 'सैम बहादुर' के टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो ताजा आंकड़ों को जोड़ते हुए विक्की कौशल की ये फिल्म अब तक लगभग 35.71 करोड़ का शानदार कारोबार कर चुकी है।

# जवान' से निकला 'डंकी' का कनेक्शन,शाह रुख खान ने फिल्म में अपने किरदार से उठाया पर्दा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस साल 'पठान और





जवान' जैसी धमाकेदार फिल्में देने वाले शाह रुख खान बहुत जल्द फिल्म 'डंकी' में नजर आने वाले हैं। लंबे समय से इस मूवी को लेकर किंग खान का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। शाह रुख खान जल्द ही फिल्म डंकी में नजर आने वाले हैं। मंगलवार को डंकी का ट्रेलर रिलीज किया गया जिसमें शाह रुख खान एक बुजुर्ग के किरदार में भी नजर आ रहे हैं। इस मामले को लेकर जवान से जोड़ते हुए एक ट्विटर यूजर ने शाह रुख खान से सवाल पूछा है जिस पर किंग खान ने अपने ही स्टाइल में बड़ा खुलासा किया है। मंगलवार को 'डंकी' का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें शाह रुख खान एक बुजुर्ग शख्स के किरदार में भी दिखाई दिए हैं। इस मामले को फिल्म 'जवान' से जोड़ते हुए एक ट्विटर यूजर ने एक्टर से सवाल पूछा है, जिस पर शाह रुख खान ने अपने ही अंदाज में बड़ा खुलासा किया है। इस तरह से 'जवान' से जुड़ी 'डंकी' डंकी' के ट्रेलर रिलीज के एक दिन बाद शाह रुख खान अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर आस्क एसआरके सेशन रखा। इस दौरान शाह रुख ने तमाम फैंस के सवालों का खुलकर जवाब दिया। इस बीच एक यूजर ने डंकी ट्रेलर में दिखाए गए किंग खान के ओल्ड मैन लुक की फोटो शेयर कर एक्टर से सवाल पूछा है-''जवान के विक्रम राठौड़ का कैमियो में डंकी में क्यों रखा है।'' इस सवाल पर बिना देरी करते हुए शाह रुख खान ने लिखा है- ''क्योंकि इस फिल्म में भी मैं आर्मी का जवान हूं, समझ गया भाई या और कुछ क्लियर करूं। इस तरह से शाह रुख खान ने 'डंकी' में अपने किरदार के राज से पर्दा उठा दिया है। बता दें कि फिल्म 'जवान' में किंग खान ने एक आर्मी ऑफिसर का रोल अदा किया था। कब रिलीज होगी शाह रुख खान की 'डंकी' 'डंकी' के इस लेटेस्ट ट्रेलर को देखने के बाद इस मूवी के लिए फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। हर कोई अब 'डंकी' की रिलीज का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है। गौर करें 'डंकी' की रिलीज डेट की तरफ तो आने वाली 21 दिसंबर की तारीख को शाह रुख खान की 'डंकी' सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# सलमान के शो में शामिल होगा ये ग्लोबल स्टार, वाइल्ड कार्ड एंट्री देख दंग रह जाएंगे घरवाले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 में नए-नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। मेकर्स शो को दिलचस्प बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। अब बिग बॉस 17 में सबसे बड़ा टर्न आने वाला है, जो शो की नई वाइल्डा कार्ड एंट्री हैं। बिग बॉस 17 हफ्तों के सफर के बाद तेजी से आगे बढ़ रहा है। शो में कई नए- नए ट्विस्ट भी देखने को मिल रहे हैं। इस लिस्ट में अब जल्द एक और नया धमाका देखने को मिलने वाला है। बिग बॉस 17 के घर



में नई वाइल्ड कार्ड एंट्री कन्फर्म हो गई है। बिग बॉस 17 में अब तक सामर्थ जुरेल, मनस्वी ममगई और ओरी बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री कर चुके हैं। वहीं, अब घर में एक और खिलाड़ी आने वाला है। ग्लोबल स्टार उड़ाएगा घरवाले के होश बिग बॉस 17 को लेकर हाल ही में खबर आई थी कि दिसबंर के पहले हफ्ते में शो में एक पॉपुलर ग्लोबल स्टार शामिल हो सकता है। अब इस खबर के कंफर्मेशन को लेकर अपडेट आई है। कौन होगा शो में शामिल बिग बॉस 17 में शामिल होना वाला ये नया कंटेस्टेंट कोरिया का पॉपुलर सिंगर है। इस के-पॉप स्टार का नाम ऑरा है, जिनकी एंट्री शो में कन्फर्म हो गई है। इस वाइल्ड कार्ड एंट्री को पहले पोस्टपोन कर दिया गया था, लेकिन अब ये जल्द होने जा रहा है।ऑरा ने अपनी इंस्टा स्टोरी में कुछ चिट्ठियां शेयर की है, जिसमें उन्हें बिग बॉस को लेकर शुभकामनाएं दी गई हैं। इस पोस्ट के साथ ही सिंगर ने सलमान खान के शो में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। हालांकि, शो के मेकर्स की तरफ से आधिकारिक घोषणा करना अभी बाकी है। ऑरा का रियल नाम पार्क मिन-जून है, जो साउथ कोरिया के पॉपुलर सिंगर और कम्पोजर हैं। ऑरा कोरियन बॉय बैंड डबर्ल" के मेंबर है। सिंगर ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में गाने 'लव बैक' के साथ किया था। ऑरा अक्सर इंडियन स्टार्स के साथ नजर आते है। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट रानी मुखर्जी से लेकर वैभवी मर्चेंट तक, कई सितारों संग हुई मुलाकात से भरा हुआ है।

# एनिमल' ने हिलाया बॉक्स ऑफिस का तख्त, छह दिन में 300 करोड़ के पार कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'एनिमल' बनकर फिल्मी पर्दे पर आए रणबीर कपूर की फिल्म ने इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया हुआ है। इस फिल्म में उनके



और बॉबी देओल के बीच का फाइट सीन हो या फिर रश्मिका और तृप्ति के साथ 'सांवरिया' का रोमांस, हर एक सीन पर थिएटर में सीटियां बज रही हैं। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने रणबीर कपूर और बॉबी देओल की बॉक्स ऑफिस पर किस्मत बदल दी। हर दिन एक नया रिकॉर्ड बनाने वाली एनिमल वर्किंग डेज पर भी बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा रही है। महज 6 दिनों के अंदर ही फिल्म ने टाइगर 3 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इंडिया में 300 करोड़ के क्लब में एनिमल शामिल हो गयी है। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के वीकेंड के बाद अब वर्किंग डेज पर भी शोज हाउसफुल जा रहे हैं। पांच दिनों में ही बॉक्स ऑफिस का गर्दा उड़ाने वाली रणबीर कपूर की 'एनिमल' का अब छठे दिन का अर्ली कलेक्शन भी आ चुका है। एनिमल की सिनेमाघरों में ही नहीं, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर एंट्री भी ऐसी हुई थी, जिसके बाद बड़ी-बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड टूटने लगे। रणबीर कपूर -रश्मिका मंदाना और बॉबी देओल की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के तख्त को हिलाकर रख दिया है। वर्किंग डे पर भी फिल्म का कलेक्शन जबरदस्त है। मंगलवार को हिंदी- तमिल और तेलुगु भाषा मिलाकर सिंगल डे पर 'एनिमल' ने 37. 47 करोड़ का बिजनेस किया था। अब फिल्म के छठे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का जो आंकड़ा सामने आया है वह बहुत ही जबरदस्त है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म ने बुधवार को सिंगल डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 22.71 करोड़ के आसपास की कमाई की है। रणबीर कपूर-रश्मिका मंदाना की इस फिल्म ने छह दिनों के अंदर ही सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' का 24 दिनों का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म 24 दिनों में इंडियन बॉक्स ऑफिस पर केवल 281 करोड़ की कमाई कर पाई है, जबकि एनिमल ने छह दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अर्ली रिपोर्ट्स के अनुसार 'एनिमल' ने इंडिया में सभी भाषाओं को मिलाकर टोटल 305 करोड़ के करीब बिजनेस किया है और यश राज की स्पाई यूनिवर्स सबसे बड़ी फिल्म 'टाइगर 3' को मात दी है।

# बोनी कपूर को कैसी लगी बेटी खुशी कपूर की 'द अर्चीज', सोशल मीडिया पर किया रिएक्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लंबे समय से 'द अर्चीज' को लेकर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। तमाम स्टार किड्स से सजी 'द अर्चीज' की रिलीज को हर कोई बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा था। ऐसे में 7 दिसंबर यानी आज से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ये मूवी ऑनलाइन रिलीज कर दी गई है। फिल्म द अर्चीज आज से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। लंबे समय से हर कोई इस मूवी का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा था। बी टाउन के तमाम स्टार किड्स से सजी द अर्चीज को लेकर फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बोनी ने बेटी खुशी कपूर की पहली मूवी को लेकर सोशल मीडिया पर खुलकर बात की है। द अर्चीज' को लेकर अब फैंस और सेलेब्स






की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। जिसके चलते फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने अपनी छोटी बेटी खुशी कपूर की पहली मूवी को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। बोनी कपूर ने किया 'द अर्चीज' का रिव्यू बोनी कपूर ने 'द अर्चीज' को लेकर अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में बोनी ने 'द अर्चीज' का रिव्यू करते हुए लिखा है- ''इस फिल्म को देखने के बाद मुझे अपने स्कूल के दिनों की याद आ गई, जब द आर्ची कॉमिक्स हर किसी युवा की फेवरेट मानी जाती।जोया अख्तर के निर्देशन में बनी ये फिल्म पूरी तरह से आपको अतीत में ले जाती है। हर एक स्टार कास्ट का चयन बखूवी किया गया है, जो अपने रोल में फिट बैठते हैं। गाने भी फिल्म की दुनिया के हिसाब से कारगार हैं। पूरी टीम की इस मूवी के लिए सराहना होनी बनती है। फिल्म को मैं बार-बार देखूंगा। ठीक उसी तरह जब अपने दिनों में मैंने इसके कॉमिक के हर एक अंक को पढ़ा।'' इस तरह से बोनी कपूर ने बेटी खुशी कपूर की पहली मूवी 'द अर्चीज' की खुलकर प्रशंसा की है। ये लाजिमी भी है क्योंकि डेब्यू फिल्म के आधार पर खुशी कपूर के लिए ये बड़ा ब्रैकथ्रो है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः– इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।